# DBD
# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


### राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जुड़ा मामला

गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू करने के लिए गठित माशेलकर समिति ने मराठी, अंग्रेजी और हिंदी को कक्षा पहली से अनिवार्य करने का सुझाव दिया था। सरकार ने इस आधार पर शासनादेश जारी किया था, लेकिन विरोध के चलते उसे वापस लेना पड़ा। इसके बाद ही डॉ. नरेंद्र जाधव की अध्यक्षता में नई समिति का गठन किया गया।

### प्रश्नावली तैयार, नेताओं से मुलाकात

समिति ने दो प्रश्नावलियां तैयार की हैं—पहली, त्रिभाषा फार्मूला किस कक्षा से लागू हो, और दूसरी मराठी भाषा से जुड़ी संस्थाओं व नेताओं के लिए। डॉ. नरेंद्र जाधव ने बताया कि समिति उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे सहित विभिन्न संगठनों और कॉलेजों से भी फीडबैक लेगी।

### राज्यभर में पहुंचेगी समिति



समिति आने वाले 10-15 दिनों में राज्यभर में जाकर लोगों और नेताओं से सीधे फीडबैक लेगी। जाधव ने कहा कि समिति सिफारिश करेगी, लेकिन अंतिम निर्णय सरकार को ही लेना है।

### अक्टूबर-नवंबर में दौरे और बैठकें

समिति राज्य के आठ बड़े शहरों में जाएगी। इसमें संभाजीनगर, नागपुर, कोल्हापुर, रत्नागिरी, नासिक, पुणे, सोलापुर और अंत में मुंबई शामिल हैं। नवंबर के अंतिम सप्ताह में मुंबई में बड़ी बैठक होगी। साथ ही, समिति अन्य राज्यों की त्रिभाषा नीति का भी अध्ययन करेगी।

# त्रिभाषा : 5 दिसंबर तक आएगी रिपोर्ट




▸▸ त्रिभाषा समिति आम लोगों के साथ ठाकरे ब्रदर्स से भी लेगी राय

▸▸ एक रिपोर्ट तैयार कर 5 दिसंबर तक सरकार को सौंपेगी समिति

देवेंद्र जैस्वार । मुंबई

**महाराष्ट्र में हिंदी बनाम मराठी भाषा विवाद को लेकर गठित त्रिभाषा समिति ने आम लोगों के साथ-साथ उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे से भी राय लेने का फैसला किया है। प्राथमिक विद्यालयों में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में शामिल करने पर विचार के लिए बुधवार को मंत्रालय में समिति की पहली बैठक हुई।**

### सरकार इस पर अंतिम निर्णय लेगी



बैठक में तय हुआ कि समिति आम लोगों और नेताओं की राय लेकर एक रिपोर्ट तैयार करेगी और 5 दिसंबर तक सरकार को सौंप देगी। इसके बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली महायुति सरकार इस पर अंतिम निर्णय लेगी।

# इधर बचे तो उधर फंसे भुजबल



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

**नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (NCP, अजित पवार गुट) के सीनियर नेता और महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल के लिए भारत की न्यायिक व्यवस्था खुशी और गम दोनों मोमेंट्स लेकर आई. भुजबल को कोर्ट से एक केस में राहत मिली, तो दूसरे केस में झटका लगा. बॉम्बे हाई कोर्ट ने एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ED) के महाराष्ट्र सदन घोटाला मामले में उनके खिलाफ आरोप खारिज कर दिए. दूसरी तरफ, मुंबई के एक स्पेशल कोर्ट ने भुजबल के खिलाफ बेनामी संपत्ति अधिनियम के एक मामले को फिर से खोल दिया है.**

**ईडी केस के आरोप खारिज, लेकिन पुराना केस बेनामी संपत्ति मामला फिर खुला**

### महाराष्ट्र सदन घोटाले में राहत

यह मामला वर्ष 2005 का है, जब कांग्रेस-एनसीपी सरकार के दौरान दिल्ली में महाराष्ट्र सदन की नई इमारत का ठेका केएस चमनकर एंटरप्राइजेज को दिया गया था। आरोप है कि यह ठेका बिना नीलामी बुलाए दिया गया था।

### 2021 में मिली थी पहली राहत

इस मामले में भुजबल और चमनकर भाइयों को 2021 में बरी कर दिया गया था। बाद में चमनकर भाइयों ने प्रवर्तन निदेशालय (ED) की ओर से दाखिल चार्जशीट रद्द करने के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

### हाई कोर्ट का स्पष्ट आदेश

बॉम्बे हाई कोर्ट की जस्टिस एस गडकरी और जस्टिस राजेश एस पाटिल की बेंच ने कहा कि जब कोई आरोपी अनुसूचित अपराध से बरी हो जाता है, तो उस पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस नहीं बनता। कोर्ट ने यह भी कहा कि 2021 में डिस्चार्ज ऑर्डर को चुनौती नहीं दी गई, इसलिए यह अंतिम माना जाएगा।

### बेनामी संपत्ति केस में फिर से संकट

मुंबई की स्पेशल कोर्ट ने छगन भुजबल के खिलाफ बेनामी संपत्ति अधिनियम का एक केस फिर से खोल दिया है। यह मामला भुजबल, उनके परिवार और आर्मस्ट्रांग इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों से जुड़ा हुआ है।

### फैसले के बाद नया मोड़

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल बेनामी संपत्ति अधिनियम से जुड़े मामलों की पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई की अनुमति दी थी। इसी आधार पर मुंबई की बेनामी प्रोहिबिशन यूनिट-I ने केस को दोबारा शुरू करने की अपील की थी।

### भुजबल पक्ष की दलील खारिज

भुजबल और उनके परिजनों के वकील ने दलील दी कि यह केस मेरिट के आधार पर खारिज हुआ था, लेकिन स्पेशल कोर्ट ने इसे केवल तकनीकी आधार पर समाप्त माना। अदालत ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने पुनर्विचार की अनुमति दी है, इसलिए मूल कार्यवाही को बहाल करना जरूरी है।

# राज्य की 394 नगर परिषदों और नगर पंचायतों में विकसित होंगे नमो गार्डन

▸▸ प्रत्येक गार्डन के लिए 1 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत




डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य की सभी 394 नगर परिषदों और नगर पंचायतों में विशेष 'नमो गार्डन' विकसित करने की घोषणा की है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर उठाया। प्रत्येक गार्डन के लिए 1 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है और शिंदे ने कहा कि ये सभी गार्डन अगले एक साल के भीतर तैयार हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन गार्डन को ₹नमो गार्डन₹ नाम देकर प्रधानमंत्री को महाराष्ट्र की ओर से एक विशेष भेंट दी जा रही है।

### विभागीय स्तर पर प्रतियोगिता

शिंदे ने बताया कि नए बनाए जाने वाले गार्डन के बीच विभागीय स्तर पर प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इसमें प्रत्येक विभाग से तीन सर्वश्रेष्ठ नगर परिषदों और नगर पंचायतों का चयन किया जाएगा। इसका उद्देश्य न केवल गार्डन को सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है, बल्कि स्थानीय प्रशासन में प्रतिस्पर्धात्मक भावना को भी बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में विजेता संस्थाओं को अतिरिक्त विकास निधि के रूप में सम्मानित किया जाएगा, जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 5 करोड़ रुपए , द्वितीय पुरस्कार के रूप में 3 करोड़ रुपए और तृतीय पुरस्कार के रूप में 1 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### वलसाड फास्ट पैसेंजर का इंजन आग की चपेट में

**मुंबई।** मुंबई से गुजरात जा रही वलसाड फास्ट पैसेंजर (गाड़ी संख्या 59023) के इंजन में अचानक आग लग गई। घटना संध्या के समय हुई, जब ट्रेन के इंजन से धुआं उठता दिखा। लोको पायलट ने तत्काल ट्रेन को केलवे स्टेशन पर रोक दिया और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर उतारा। रेलवे कर्मियों ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन इस कारण पश्चिम रेलवे की डहाणू तक चलने वाली उपनगरीय ट्रेनें प्रभावित रहीं।

### करण जौहर की याचिका पर अंतरिम राहत देगा हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को मौखिक रूप से फिल्म निर्माता करण जौहर की याचिका पर अंतरिम राहत देने का संकेत दिया। याचिका में जौहर ने व्यक्तित्व अधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ सुरक्षा की मांग की है। न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने कहा कि प्रतिवादी (जिनमें सोशल मीडिया मध्यस्थ गूगल, मेटा व एक्स शामिल हैं) को याचिका में सूचीबद्ध यूजर्स की बुनियादी जानकारी एवं आईटी लॉग विवरण देने होंगे। पीठ ने जौहर के मुख्य मुकदमे में प्रतिवादी संस्थाओं (गिफी, पिंटरेस्ट जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म) को भी समन जारी किया है।

### महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़

**गढ़चिरोली।** महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में बुधवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। महाराष्ट्र के गढ़चिरोली में दो महिला नक्सली वहीं छत्तीसगढ़ के बीजापुर में दो नक्सली मार गिराए गए। पुलिस ने कहा कि अभी भी सर्च ऑपरेशन जारी है। महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले में बुधवार सुबह ये एनकाउंटर हुआ। पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि गट्टा दालम के सदस्य एटापल्ली तालुका के मोडस्के गांव के जंगल में छिपे हुए हैं। एनकाउंटर के बाद दो महिला नक्सलियों के शव, एक एके-47, एक आधुनिक पिस्टल, जिंदा कारतूस, बड़ी मात्रा में नक्सली साहित्य और अन्य सामान बरामद किया गया।

# हत्या के मामले में गैंग्सटर छोटा राजन को दी गई जमानत रद्द



एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 2001 में होटल कारोबारी जया शेट्टी की हत्या के मामले में गैंगस्टर राजेंद्र सदाशिव निकालजे उर्फ छोटा राजन को मिली जमानत रद्द कर दी। शीर्ष अदालत ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए कहा कि आखिर ऐसे व्यक्ति की सजा निलंबित क्यों की गई? यह फैसला जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सीबीआई की अपील पर सुनाया। सीबीआई की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलील दी कि छोटा राजन चार मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है।

### बचाव पक्ष की दलील खारिज

छोटा राजन के वकील ने कोर्ट को बताया कि उनके मुवक्किल के खिलाफ 71 में से 47 मामलों में सीबीआई को कोई सबूत नहीं मिला और उन्हें बंद कर दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि हत्या के मामले में बिना पुख्ता सबूत के सजा दी गई है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि "आपका नाम ही काफी बड़ा है।"

### निचली अदालत और हाईकोर्ट का फैसला

मुंबई की एक अदालत ने मई 2024 में जया शेट्टी हत्याकांड में छोटा राजन को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ राजन ने हाईकोर्ट में अपील की थी, जहां उसे सजा निलंबित कर जमानत मिल गई थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का यह फैसला रद्द कर दिया है।

# अजित पवार आज करेंगे चुनावी शंखनाद



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

**अगले कुछ महीनों में होने वाले स्थानीय चुनावों को देखते हुए राज्य में राजनीतिक गतिविधियां बढ़ गई हैं। भाजपा की हालिया चुनावी हुंकार के बाद अब राकांपा (अजित) प्रमुख एवं उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी अपने अभियान की शुरुआत करने जा रहे हैं। अजित पवार शुक्रवार से पार्टी के राष्ट्रीय चिंतन शिविर के जरिए चुनावी बिगुल फूंकेंगे। इस शिविर को आगामी चुनावों को लेकर पार्टी की तैयारी में अहम कदम माना जा रहा है।**

### शिविर का मुख्य एजेंडा

राकांपा (अजित) प्रदेशाध्यक्ष सुनील तटकरे ने बताया कि इस चिंतन शिविर में प्रमुख एजेंडा आगामी स्थानीय चुनाव रहेंगे। इसके साथ ही संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत बनाने पर भी चर्चा होगी।

### कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां


सुनील तटकरे ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। शिविर का मकसद कार्यकर्ताओं में जोश भरना और चुनाव अभियान की औपचारिक शुरुआत करना है।

### शिंदे गुट की रणनीति

दूसरी ओर, शिवसेना (शिंदे) प्रमुख एवं उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी चुनावी अभियान की तैयारी कर रहे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार शिंदे गुट दशहरा रैली के मंच से अपने अभियान की शुरुआत कर सकता है। शिवसेना (शिंदे) के वरिष्ठ नेताओं की जल्द ही बैठक होने वाली है। इसमें चुनावी अभियान शुरू करने की तारीख और रणनीति पर फैसला किया जाएगा। खबर है कि महायुति के तीनों दल पहले ही तय कर चुके हैं कि वे मिलकर चुनावी मैदान में उतरेंगे। गठबंधन का लक्ष्य स्थानीय चुनावों में अधिकतम सीटें जीतना है।

# अनिल अंबानी को अंतरिम राहत

▸▸ बैंक ऑफ बड़ौदा को धोखाधड़ी वर्गीकरण पर कार्रवाई से रोका




डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने उद्योगपति अनिल अंबानी को धोखाधड़ी वाले कर्ज खातों के मामले में अंतरिम राहत प्रदान की है। अदालत ने बुधवार को बैंक ऑफ बड़ौदा को अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के कर्ज खातों को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने के आदेश के तहत कोई भी कार्रवाई करने से रोक दिया। इस मामले की अगली सुनवाई 24 सितंबर को होगी।

### अदालत ने बैंक को रोका

न्यायमूर्ति रियाज छागला और न्यायमूर्ति फरहान दुबाश की पीठ ने अनिल अंबानी की याचिका पर बैंक को अगले आदेश तक कोई कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान बैंक के वकील ने हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिसे अदालत ने मंजूर किया और कहा कि बैंक 24 सितंबर तक नोटिस पर कोई कार्रवाई नहीं करेगा। अनिल अंबानी ने बैंक के इस निर्णय को चुनौती दी है, जिसमें उन पर उधार ली गई राशि का दुरुपयोग और अनधिकृत लेनदेन का आरोप लगाया गया है।

# '...तो नपेंगे ठेकेदार'



धीरज सिंह । मुंबई

▸▸ अपर नगर आयुक्त ने पुल और स्काईवॉक परियोजनाओं का किया निरीक्षण

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के अपर नगर आयुक्त (परियोजना) अभिजीत बांगर ने बुधवार को मुंबई में चल रही विभिन्न पुल और स्काईवॉक निर्माण परियोजनाओं का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने बांद्रा से धारावी तक फ्लाईओवर, वर्ली में ई. मोसेस मार्ग और डॉ. एनी बेसेंट मार्ग के बीच बनने वाले फ्लाईओवर और बांद्रा स्काईवॉक का दौरा किया।

**सतर्कता के दिए निर्देश**

### मीठी नदी से जुड़ी परियोजना

बांगर ने बताया कि यह पुल पुनर्निर्माण कार्य मीठी नदी बेसिन चौड़ीकरण परियोजना का हिस्सा है। धारावी फ्लाईओवर का निर्माण दो चरणों में किया जा रहा है ताकि नदी के जल प्रवाह में न्यूनतम बाधा आए। पहला चरण 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

### 30 नवंबर 2025 तक पूरा होगा पहला चरण

बांगर ने स्पष्ट किया कि बांद्रा और धारावी के बीच फ्लाईओवर पुनर्निर्माण का पहला चरण 30 नवंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद दक्षिणी ओर की दो लेन यातायात के लिए खोल दी जाएंगी, जिससे माहीम कॉजवे तक पहुंच आसान होगी। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि परियोजना स्थल पर बनने वाले दूसरे पुल का कार्यादेश जल्द जारी किया जाए और इसे 18 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बांगर ने जोर दिया कि कार्य अवधि न बढ़े और नागरिकों को

### स्काईवॉक पुनर्निर्माण पर जोर

बांद्रा रेलवे स्टेशन और म्हाडा कार्यालय के बीच स्काईवॉक पुनर्निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए बांगर ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार इसे तेजी से पूरा करना होगा। स्काईवॉक का लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और शेष कार्य तीन महीनों में समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

### ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

बांगर ने कहा कि स्काईवॉक 31 दिसंबर 2025 से पहले नागरिकों के लिए खोल दिया जाए। यदि निर्धारित समय-सीमा का पालन नहीं किया गया तो ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राजेंद्र लोढ़ा धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार

**लोढ़ा डेवलपर्स के पूर्व निदेशक हैं लोढ़ा**



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई क्राइम ब्रांच की प्रॉपर्टी सेल ने रियल एस्टेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लोढ़ा डेवलपर्स के पूर्व निदेशक राजेंद्र एन. लोढ़ा को धोखाधड़ी के गंभीर आरोप में गिरफ्तार किया है। 57 वर्षीय लोढ़ा को वर्ली से हिरासत में लेकर कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें 23 सितंबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। शिकायत के अनुसार इस मामले में लगभग 85 करोड़ रुपए की वित्तीय हेराफेरी का आरोप है।

### पूर्व निदेशक पर गंभीर आरोप

लोढ़ा डेवलपर्स ने राजेंद्र लोढ़ा, उनके बेटे साहिल लोढ़ा और अन्य सहयोगियों पर धोखाधड़ी, गबन और आपराधिक विश्वासघात का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि राजेंद्र को केवल भूमि अधिग्रहण का अधिकार दिया गया था, लेकिन उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग कर कंपनी की संपत्तियों की अनधिकृत बिक्री की। साथ ही, भूमि सौदों का कम मूल्यांकन कर कंपनी को नुकसान पहुंचाया और अवैध टीडीआर लेनदेन में संलिप्त पाए गए। क्राइम ब्रांच अधिकारी ने कहा कि राजेंद्र लोढ़ा ने कंपनी के विश्वास को तोड़ा और टीडीआर के माध्यम से करोड़ों का गबन किया। जांच में अन्य सहयोगियों की भूमिका भी सामने आ रही है।

# शहर में बार मालिकों के खिलाफ चला पुलिस का डंडा

विनय दूबे । भाईंदर

मीरा भाईंदर शहर में मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर देर रात तक चलने वाले बार और रेस्तरां के खिलाफ एमबीवीवी पुलिस की क्राइम ब्रांच यूनिट 1 ने कड़ी कार्रवाई की। यह कार्रवाई उन प्रतिष्ठानों के खिलाफ की गई जो राज्य सरकार द्वारा निर्धारित समय के बाद भी खुले रहते थे और ग्राहकों को शराब परोसते थे।



### क्राइम ब्रांच की छापेमारी

क्राइम ब्रांच यूनिट 1 के पुलिस निरीक्षक सुशील शिंदे को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा निर्धारित समय के बाद भी कई बार और रेस्टोरेंट खुले हैं। इसके बाद टीम ने 17 तारीख की रात 5 बारों पर छापेमारी कर उनके मालिकों के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम 1951 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

### पुलिस की विशेष मुहिम

एमबीवीवी पुलिस कमिश्नर निकेत कौशिक ने अपने क्षेत्र में नशे के सौदागरों के खिलाफ विशेष मुहिम शुरू की है। इस मुहिम के तहत शहर में ऐसे बार और रेस्तरां की पहचान कर उन्हें राज्य के कानून के अनुसार दंडित किया जा रहा है।

### छापेमारी में पकड़े गए बार

काशीमीरा और नीलकमल नाका क्षेत्र में पुलिस की छापेमारी कार्रवाई के दौरान कई बार और रेस्टोरेंट पकड़े गए, जिनमें नाइट मीटिंग (दिव्य ज्योत) बार एंड रेस्टोरेंट (दिनेश देवाडिगा), साधन बार एंड रेस्टोरेंट (सुधाकर सपलीगा), चेरिश बार एंड रेस्टोरेंट महाराजा (मनोज शेट्टी), स्वागत बार एंड रेस्टोरेंट (रवींद्र बेलछेडा) और सारंग राम पंजाब बार एंड रेस्टोरेंट (दीपक कोटियन) शामिल हैं।

# ठाणे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

ठाणे विधायक संजय केलकर की उपस्थिति में बुधवार को ठाणे रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। अभियान के दौरान पूर्व वरिष्ठ नगरसेवक संजय वाघुले, ठाणे स्टेशन मास्टर अपर्णा देवधर, रेल यात्री संघ के अध्यक्ष देशमुख, नौपाड़ा मंडल अध्यक्ष रोहित गोसावी, शरीफ शेख, हनीफ खान और जगदीश मोहिते सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### सेवा पखवाड़ा की शुरुआत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में देशभर में सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की गई है। इसी कड़ी में ठाणे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिससे नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सके। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छ भारत का नारा दिया है। स्वच्छ रेल-स्वच्छ भारत और स्वच्छता ही सेवा है जैसे संदेश के साथ समाज के हर वर्ग को जुड़ने की आवश्यकता है।

**गरीबों का रथ: रेलवे** विधायक संजय केलकर ने कहा कि जैसे बैलगाड़ी को गरीबों का रथ कहा जाता है, वैसे ही रेलवे भी गरीबों का रथ है। रेलवे ने आम नागरिकों की यात्रा को सुलभ और किफायती बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में रेलवे का जाल तेजी से फैल रहा है। पहले जो यात्राएं असंभव मानी जाती थीं, वे अब सुरक्षित और सुलभ हो चुकी हैं।

## शहर में बड़े वाहनों को आवागमन बंद



ठाणे। ठाणे में बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए यातायात पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट ने घोषणा की है कि 18 सितंबर से सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक शहर में बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा, जबकि रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक मुंबई, नवी मुंबई और अन्य राज्यों की ओर जाने वाले हजारों बड़े वाहनों को अनुमति दी जाएगी। इस संदर्भ में उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक शहर की मुख्य सड़कों पर आवागमन से बचें।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर दिव्यांग छात्रों को शिक्षा सामग्री वितरित

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर दुनियाभर में उनके समर्थकों ने विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य किए। मुंबई में भी एस्पेक्ट संस्था के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर परोपकारी कार्य किए गए। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त जानकीबाई शिक्षण संस्था द्वारा संचालित दादर स्थित विकास विद्यालय के विकलांग छात्रों को शिक्षा सामग्री वितरित की गई।

### छात्रों को बैग और पानी की बोतलें प्रदान की गईं



विकास विद्यालय में पढ़ने वाले मुखबधिर छात्रों को भाजपा प्रवक्ता एवं माध्यम सह प्रमुख ओमप्रकाश चौहान और समाजसेवक रौनक कुकड़े ने बैग और पानी की बोतलें वितरित कीं। छात्रों ने पीएम मोदी के साथ-साथ चौहान और कुकड़े का आभार व्यक्त किया। इसके अलावा सायन कोलीवाड़ा स्थित हनुमान टेकड़ी पर कैंसर पेशेंट्स के लिए बनाए गए हेल्प हाउस में राशन सामग्री भी उपलब्ध कराई गई, जहां देशभर से लोग इलाज के लिए आते हैं।

### समाजसेवा और जनसेवा का संदेश

इस अवसर पर ओमप्रकाश चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश के भविष्य के लिए किए जा रहे प्रयासों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। रौनक कुकड़े ने बताया कि एस्पेक्ट संस्था पिछले कई वर्षों से लगातार गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करती रही है। इस तरह के सामाजिक कार्यों से समाज में जनसेवा की भावना को बढ़ावा मिलता है और पीएम मोदी की जन्मदिन पर लोगों की शुभकामनाओं का संदेश दुनिया भर में फैलता है।

# पश्चिम रेलवे और आईआईटी मद्रास का शिक्षा क्षेत्र में सहयोग

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के साथ साझेदारी कर फ्यूचर रेडी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल के तहत रेलवे स्कूल, वलसाड के दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) के क्षेत्र में ऑनलाइन पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इन पाठ्यक्रमों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), मशीन लर्निंग (ML) और गणित पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि छात्रों को इन उभरते क्षेत्रों में मजबूत आधार मिल सके।

### आईआईटी मद्रास स्कूल कनेक्ट के साथ नया अध्याय




पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, रेलवे स्कूल, वलसाड अब आईआईटी मद्रास के स्कूल कनेक्ट कार्यक्रम का हिस्सा बन गया है। यह पहल IIT मद्रास द्वारा डिज़ाइन किए गए संरचित ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के माध्यम से स्कूल स्तर पर STEM शिक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसका उद्देश्य छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना और उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करना है।

### पश्चिम रेलवे की प्रतिबद्धता

यह सहयोग पश्चिम रेलवे की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो वह अपने छात्रों और स्थानीय समुदाय के बच्चों को विश्वस्तरीय अवसर प्रदान करने के लिए रखता है। इस पहल के माध्यम से छात्र कल के सक्षम, आत्मविश्वासी और भविष्य के लिए तैयार नागरिक बन सकेंगे, जो समाज और विज्ञान के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का सर्वोत्तम उपयोग कर सकेंगे।

### छात्रों के लिए प्रमुख लाभ

इस कार्यक्रम के तहत छात्रों को उन्नत वैज्ञानिक अवधारणाओं, व्यावहारिक समस्या-समाधान विधियों और अत्याधुनिक तकनीकों से परिचित कराया जाएगा। इसमें छात्रों को संरचित शिक्षण अनुभव, वैचारिक और विश्लेषणात्मक प्रोत्साहन, भविष्य-केंद्रित तैयारी और आत्मविश्वास निर्माण जैसे कई लाभ मिलेंगे। इससे छात्रों को उच्च अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं और AI तथा डेटा साइंस जैसे क्षेत्रों में करियर के लिए तैयार किया जाएगा।

# भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

ठाणे पुलिस कमिश्नरी क्षेत्र में व्यस्त समय के दौरान और शहर में भीड़भाड़ के कारण कई स्थानों पर यातायात जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। इस समस्या को देखते हुए, ठाणे पुलिस आयुक्तालय ने सड़कों पर यातायात को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए नई अधिसूचना जारी की है।

### भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंध

पुलिस उपायुक्त, परिवहन विभाग, पंकज शिरसाट ने मंगलवार शाम को यह अधिसूचना जारी की कि ठाणे जिले में राजमार्ग से आने वाले भारी वाहनों का प्रवेश प्रायोगिक आधार पर निषिद्ध रहेगा। यह प्रतिबंध 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक लागू रहेगा।

### भिवंडी तालुका और उपमंडल क्षेत्र में रोक




भिवंडी तालुका में अहमदाबाद और मुंबई-नासिक राजमार्गों पर भारी वाहनों का यातायात शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावित नहीं होगा। नारपोली यातायात उप-विभाग क्षेत्र में चिंचोटी नाका से गुजरात से आने वाले भारी वाहनों का प्रवेश बंद किया गया है। भिवंडी यातायात उपमंडल क्षेत्र में वाडा रोड नदीनाका मार्ग से आने वाले 10 पहिया ट्रक और उससे अधिक वाहनों को परोल फाटा पर रोक दिया गया है।

### आपत्ति और सुझाव के लिए संपर्क

अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि यदि किसी के पास इस संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव हो, तो वे पंकज शिरसाट, पुलिस उपायुक्त, यातायात विभाग, ठाणे तीन हट नाका से संपर्क कर सकते हैं।

### कोनगांव और कल्याण क्षेत्र में भी प्रतिबंध

कोनगांव यातायात उप-विभाग क्षेत्र में वडपा चेकपोस्ट के माध्यम से आने वाले भारी वाहनों को धामनगांव, जम्बोली पाइपलाइन नाका और चविन्द्रा नाका पर रोका जा रहा है। इसके अलावा, राजनोली चौक से भिवंडी शहर में प्रवेश करने वाले 10 पहिया ट्रक और उससे अधिक को राजनोली नाका पर रोका जाएगा। कल्याण यातायात उप-मंडल क्षेत्र में नासिक से मुंबई आने वाले भारी वाहनों को बासुरी होटल (सरवली गांव) में प्रवेश से रोक दिया गया है।

# स्वास्थ्य शिविरों का उद्घाटन

**17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नगर निगम के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर**

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' मिशन के अंतर्गत ठाणे मनपा ने महिलाओं और बच्चों के लिए आयोजित विभिन्न स्वास्थ्य जांच शिविरों का उद्घाटन बुधवार को सांसद नरेश म्हस्के और जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने किया। यह अभियान 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक चलेगा।

### ठाणे में शिविरों का शुभारंभ

ठाणे मनपा क्षेत्र में इस अभियान की शुरुआत वर्तकनगर स्थित लोकमान्य तिलक नर्सिंग होम और कोरस अस्पताल से की गई। राष्ट्रीय स्तर पर इस अभियान का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के धार में किया, जिसे लोकमान्य तिलक नर्सिंग होम में सीधा प्रसारण किया गया।



### अभियान का उद्देश्य

महिलाओं का स्वास्थ्य और सशक्तिकरण परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति का केंद्रबिंदु है। इसी दृष्टि से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान की योजना बनाई है, जिसे ठाणे नगर निगम के सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चलाया जाएगा।

### शिविरों का विस्तार

इस अभियान में 92 विशेष शिविर, 14 दंत चिकित्सा शिविर, 14 मैमोग्राफी शिविर और कुल 416 विभिन्न स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में महिलाओं को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जाएँगी, जिससे उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का समय पर निदान और उपचार हो सके।

### जाँच और परामर्श की सुविधा

अभियान के तहत उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, हृदय रोग जैसे गैर-संचारी रोगों की जाँच, नेत्र जाँच, दंत जाँच, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण जागरूकता सत्र, आयुष और योग शिविर, क्षय रोग जागरूकता और जाँच, रक्तदान शिविर, अंगदान प्रतिज्ञा, नि:शुल्क दवा वितरण, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श, व्यसन निवारण, एनीमिया जाँच, सिकलसेल रोग जाँच जैसी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

### कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्ति

इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी, उपायुक्त (स्वास्थ्य) उमेश बिरारी, पूर्व नगरसेविका आशा डोंगरे, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रसाद पाटिल, मातृ एवं शिशु कल्याण अधिकारी डॉ. वर्षा सासने समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे। सांसद नरेश म्हस्के ने इस अवसर पर जनता को नई एक्स-रे मशीन समर्पित की। साथ ही, निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत 25 क्षय रोगियों के परिजनों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया।

# पश्चिम रेलवे ने किया स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

देशव्यापी "स्वच्छता ही सेवा" 2025 अभियान 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर, गांधी जयंती तक चलेगा। इस वर्ष का थीम "स्वच्छोत्सव" रखा गया है। अभियान में कार्यस्थलों, आवासीय क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई के साथ-साथ सफाई मित्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा, पर्यावरण मित्र कार्यक्रम, शून्य अपशिष्ट पहल और स्वच्छता जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पश्चिम रेलवे मुख्यालय में अपर महाप्रबंधक श्री प्रदीप कुमार ने रेल अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर इस अभियान की औपचारिक शुरुआत की।

### पश्चिम रेलवे में उत्साहपूर्ण भागीदारी

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, 17 सितंबर को पश्चिम रेलवे में यह अभियान बड़े उत्साह के साथ शुरू हुआ। कई स्थानों पर स्वच्छता शपथ समारोह आयोजित किए गए, जिनमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। अभियान के अंतर्गत सभी मंडलों और स्टेशनों पर श्रमदान, जन जागरूकता कार्यशालाएँ और एनजीओ/सीएसओ के सहयोग से स्वतंत्र कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्रों, स्थानीय नागरिकों और रेल कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर स्वच्छता संदेश को व्यापक रूप से फैलाया।

## हाइलैंड अस्पताल में ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया का सफल ऑपरेशन




**ठाणे :** हाइलैंड सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, ठाणे ने हाल ही में दो मरीजों का सफल ऑपरेशन किया, जो ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया (टीएन) नामक नस से जुड़ी समस्या से पीड़ित थे। इसे चिकित्सा जगत में 'सुसाइड डिजीज' भी कहा जाता है। यह बीमारी चेहरे में असहनीय दर्द और मानसिक तनाव उत्पन्न करती है। भारत के जाने-माने न्यूरोसर्जन डॉ. चंद्रनाथ तिवारी ने मरीजों तबस्सुम हफीज और नामदेव पाटील का सफल ऑपरेशन किया और उनके जीवन में मुस्कान लौटाई।

## पुलिस पर हमला, तीन गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता । पालघर

पालघर की विक्रमगढ़ तहसील के कुर्झे गांव में सोमवार रात खवाडा विद्युत परियोजना की गाड़ियों को ग्रामीणों ने जबरन रोक लिया। सूचना मिलते ही एपीआई गोले पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों से रास्ता खाली करने की अपील की, लेकिन भीड़ उग्र होकर पुलिस पर टूट पड़ी। करीब 15-20 ग्रामीणों ने हमला किया जिससे तनाव का माहौल बना। घटना के बाद विक्रमगढ़ थाने में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने अकोल काटकरी, बरकू रिंझड और दिनेश रिंझड को गिरफ्तार किया है। आगे की जांच पीएसआई यशवंते कर रहे हैं।

## शव को डोली पर ले जाना पड़ा

डीबीडी संवाददाता । पालघर

पालघर जिले के जव्हार तालुका के चांभारशेत के नारनोली गांव में सड़क न होने की वजह से एक युवक का शव डोली पर ले जाकर गांव तक पहुंचाना पड़ा। मृतक 38 वर्षीय महेंद्र जाधव रोज़गार की तलाश में वसई गए थे। उनकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें जव्हार उपजिला अस्पताल ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अस्पताल की एंबुलेंस भुसार पाड़ा तक ही जा सकी। इसके आगे सड़क न होने के कारण शव को ग्रामीणों ने डोली पर लगभग दो किलोमीटर पैदल ले जाना पड़ा। तहसीलदार लता धोत्रे ने आश्वासन दिया कि सड़क बनाने के लिए संबंधित विभाग को सूचित कर दिया गया है।

# 47 एकीकृत नर्सरी होंगी स्थापित

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

प्रदेश सरकार के वन विभाग की ओर से राज्यभर में 47 एकीकृत (इंटीग्रेटेड) नर्सरी स्थापित की जाएंगी। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सरकारी रोपवाटिका के आधुनिकीकरण और मजबूतीकरण योजना के तहत प्रत्येक जिला मुख्यालय पर ये नर्सरी विकसित की जाएंगी। मंत्रालय के अधिकारी के अनुसार, वन एवं सामाजिक वनीकरण विभाग की करीब 280 नर्सरी में से 47 को एकीकृत नर्सरी का रूप दिया जाएगा। यहां पौधों को उगाने का काम होगा, जबकि अन्य नर्सरी पौधा वितरण का कार्य जारी रखेंगी।



### पौधा उत्पादन और वितरण में आसानी

एकीकृत नर्सरी में अत्याधुनिक तकनीक से विभिन्न प्रजातियों के पौधे उगाए जाएंगे। इससे जिला स्तर पर योजनाबद्ध तरीके से अधिक पौधों का उत्पादन संभव होगा। फिलहाल अलग-अलग नर्सरियों में पौधे उगाए जाते हैं, जिससे खर्च बढ़ जाता है। लेकिन एकीकृत नर्सरी में एक ही जगह पौधारोपण से लागत भी घटेगी और वितरण भी सरल होगा। अधिकारी ने बताया कि वनमहोत्सव के दौरान पौधे सरकारी-अर्धसरकारी संस्थानों, कॉलेजों और अन्य संगठनों को निर्धारित दर पर दिए जाते हैं, जबकि सेना को मुफ्त में पौधे उपलब्ध कराए जाते हैं।

### शहापुर और डहाणु में नर्सरी

ठाणे जिले के शहापुर तहसील के वाशिंद और पालघर के डहाणु तहसील के भराड गांव में एकीकृत नर्सरी स्थापित होगी। इसके अलावा पुणे के आंबेगांव, सोलापुर के बार्शी, सातारा के कराड और खंडाला समेत कई जिलों में भी ऐसी नर्सरी तैयार की जाएगी। इससे विभिन्न क्षेत्रों में पौधों की उपलब्धता बढ़ेगी। वन मंत्री गणेश नाईक ने प्रदेश में पांच टिशू कल्चर लैब बनाने की योजना तैयार की है। इन्हें पुणे, नागपुर, छत्रपति संभाजीनगर, अमरावती और उत्तर महाराष्ट्र विभाग में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए नागपुर स्थित प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय प्रस्ताव बनाएगा और वन विभाग की मंजूरी के बाद डीपीआर तैयार होगी। इन लैब्स को ऐसे स्थानों पर बनाया जाएगा, जहां से राज्यभर में पौधों का वितरण आसान हो।

### क्या है टिशू कल्चर विधि?

अधिकारी के अनुसार, सामान्यत: पौधे बीज या कलम से तैयार किए जाते हैं। लेकिन टिशू कल्चर विधि में पौधे पत्ती, जड़ और तने के छोटे हिस्से से विकसित किए जाते हैं। इस विधि से तैयार पौधे रोग-प्रतिरोधी होते हैं और तेजी से बढ़ते हैं। टिशू कल्चर से विभिन्न प्रजातियों के पौधे बड़ी संख्या में विकसित किए जा सकते हैं, जिससे हरियाली और वनसंरक्षण को बल मिलेगा।

## महिला की निर्मम हत्या

डीबीडी संवाददाता । पालघर

पालघर के वाडा इलाके में साढ़े सात बजे के करीब वैतरणा फार्महाउस के पास 60-65 वर्ष की महिला का शव बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस के मुताबिक महिला के सिर के पिछले हिस्से पर किसी धारदार हथियार से वार किया गया था, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वाडा पुलिस थाने के ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103(1) और 238 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मृतका की पहचान और आरोपी की तलाश में जुटी है।

# महाराष्ट्र में आज 24 घंटे बंद रहेंगे अस्पताल

## • एलोपैथिक डॉक्टरों ने हड़ताल की दी धमकी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में लगभग 1.8 लाख एलोपैथिक डॉक्टर 18 सितंबर को सुबह 8 बजे से 24 घंटे की हड़ताल करेंगे। यह हड़ताल राज्य सरकार के उस फैसले के खिलाफ है, जिसमें होम्योपैथिक डॉक्टरों को एक विशेष कोर्स के बाद एलोपैथिक दवाइयां लिखने की अनुमति दी गई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) महाराष्ट्र के अध्यक्ष डॉ. संतोष कदम ने बुधवार को कहा कि सभी सरकारी और निजी अस्पतालों के डॉक्टर और मेडिकल छात्र इस हड़ताल में शामिल होंगे। हालांकि, आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी।




### क्या है विवाद की वजह?

राज्य सरकार ने हाल ही में महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल (एमएमसी) को निर्देश दिया था कि जो होम्योपैथिक डॉक्टर एक साल का सर्टिफिकेट कोर्स इन मॉडर्न फार्माकोलॉजी (सीसीएमपी) पूरा कर चुके हैं, उन्हें एमएमसी में पंजीकृत किया जाए। इसके बाद वे सीमित मामलों में एलोपैथिक दवाइयां लिख सकेंगे। 5 सितंबर को इस संबंध में नया सरकारी आदेश (जीआर) जारी किया गया, जिससे एलोपैथिक डॉक्टर नाराज हो गए।

### बढ़ सकता है हड़ताल का दायरा

सेंट्रल मार्ड (एमएआरडी) और बीएमसी मार्ड, जो सरकारी और बीएमसी मेडिकल कॉलेजों के रेजिडेंट डॉक्टरों के संगठन हैं, उन्होंने भी हड़ताल में शामिल होने का एलान किया है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशंस के अध्यक्ष डॉ. अक्षय डोंगर्डीवे ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने यह फैसला वापस नहीं लिया तो डॉक्टर सड़क पर उतरकर देशव्यापी आंदोलन करेंगे। बता दें कि महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल (एमएमसी) ही राज्य में डॉक्टरों का पंजीकरण और नियमों की निगरानी करती है।

### क्या है डॉक्टरों की आपत्ति?

डॉ. संतोष कदम का कहना है कि यह फैसला मरीजों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। आईएमए ने अपनी चिट्ठी में सरकार को चेताया है कि ऐसे डॉक्टरों के पास पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं होगा। इससे गलत इलाज, गलत दवाइयां, एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस और मरीजों की मौत जैसी गंभीर स्थितियां पैदा हो सकती हैं, खासकर ग्रामीण इलाकों में। आईएमए ने यह भी कहा कि इस फैसले से लोगों के मन में भ्रम और अविश्वास पैदा होगा, महाराष्ट्र के मेडिकल सेक्टर की अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता पर असर पड़ेगा और अन्य वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों के डॉक्टर भी इसी तरह की मांग कर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था में अराजकता फैल जाएगी।

# मराठवाड़ा रेल लाइनों के लिए एनडीए सरकार ने दिए 21000 करोड़: सीएम फडणवीस

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में मराठवाड़ा क्षेत्र की रेल परियोजनाओं के लिए 21,000 करोड़ रुपए दिए, जबकि यूपीए सरकार के समय यह राशि केवल 450 करोड़ रुपए थी। सीएम देवेंद्र फडणवीस बीड-अहिल्यानगर खंड के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। यह खंड पारली-बीड-अहिल्यानगर रेल परियोजना का हिस्सा है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री और बीड जिले के संरक्षक मंत्री अजीत पवार, मंत्री पंकजा मुंडे और बीड के सांसद बजरंग सोनवणे मौजूद थे।

सीएम फडणवीस ने इस दौरान पूर्व महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने रेल परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए राज्य की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी की रकम जारी नहीं की, जिससे परियोजनाएं रुक गईं। उन्होंने कहा कि 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में महायुति सरकार बनने के बाद काम फिर शुरू किया गया।

उन्होंने बताया कि 2014 में भाजपा सरकार ने यह तय किया था कि भाजपा नेता स्वर्गीय गोपीनाथ मुंडे के सपने को साकार करते हुए बीड तक रेल लाइन बिछाई जाएगी। उन्होंने कहा, 'बीड-अहिल्यानगर सेक्शन का विद्युतीकरण काम अगले 3-4 महीनों में पूरा हो जाएगा।'



### कार्यक्रम में विपक्ष की मांग पर पक्ष का पलटवार

इस मौके पर बीड के सांसद बजरंग सोनवणे ने सोलापुर-छत्रपति संभाजीनगर रेल लाइन की मांग की। उनका कहना था कि इससे आम लोगों को मुंबई जाने में सुविधा होगी और किसानों की उपज बड़े शहरों तक आसानी से पहुंच सकेगी। इस पर पंकजा मुंडे ने पलटवार करते हुए कहा, 'जो लोग इस रेल लाइन से यात्रा करेंगे, वे अच्छी तरह जानते हैं कि इस परियोजना में किसका योगदान है। पूर्व सांसद प्रीतम मुंडे को इसका श्रेय मिलना चाहिए। बजरंग सोनवणे तो सिर्फ तैयार फसल काटने आए हैं।'

### भविष्य में पुणे-मुंबई तक बढ़ाई जाएगी रेल लाइन: अजित पवार

वहीं डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि इस रेल लाइन को भविष्य में पुणे और मुंबई तक बढ़ाया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस परियोजना को पूरा करने में लगे लंबे समय को याद करें। उन्होंने बताया कि यह परियोजना 1996 में शुरू हुई थी, जब सुरेश कलमाड़ी रेल मंत्री थे, और अब तक इस पर 4,800 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, 18 सितंबर से बीड और अहिल्यानगर के बीच नियमित ट्रेन सेवा शुरू होगी। यह ट्रेन सोमवार से शनिवार तक चलेगी।

# मराठवाड़ा-विदर्भ में फसलों का संकट

## कांग्रेस नेता ने सरकार से 'भीगा अकाल' घोषित करने की अपील की

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार ने महाराष्ट्र सरकार से तुरंत राज्य में 'भीगा अकाल' घोषित करने और प्रभावित किसानों को प्रति हेक्टेयर 50,000 रुपए की मदद देने की मांग की है। विजय वडेट्टीवार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर कहा कि अगस्त और सितम्बर में हुई भारी बरसात से राज्य के 30 जिलों में लगभग 17.85 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि पर खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं। उन्होंने कहा, 'किसानों को न तो कर्जमाफी मिली है और न ही उनकी फसलें बची हैं। वे गहरे संकट में हैं और उन्हें तुरंत राहत की आवश्यकता है।'



कांग्रेस नेता ने बताया कि सबसे अधिक नुकसान मराठवाड़ा और विदर्भ के किसानों को हुआ है। यहां सोयाबीन, मक्का और कपास की फसलें बर्बाद हो गईं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समय पर मदद नहीं मिली तो आने वाला रबी सीजन भी खतरे में पड़ सकता है।

### महाराष्ट्र में बारिश का हाल

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मराठवाड़ा क्षेत्र, जहां सामान्यत: कम बारिश होती है, वहां इस बार 17 जून से 17 सितम्बर तक 717.4 मिमी बारिश हुई है। यह औसत अनुमानित बारिश (607.6 मिमी) से लगभग 118% अधिक है। विजय वडेट्टीवार ने सरकार से अपील की कि फसल नुकसान का सर्वे तुरंत पूरा कर, 'भीगा अकाल' घोषित किया जाए और किसानों को तुरंत आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाए।

### कांग्रेस नेता ने राहत के लिए रखी ये मांगें

कांग्रेस नेता ने राज्य सरकार से मांग की कि बैंकों से किसानों की वसूली तुरंत रोकी जाए, बीमा कंपनियों को आदेश दिया जाए कि वे फसल नुकसान का मुआवजा जल्द से जल्द दें और किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि हाल ही में हुई राज्य की कैबिनेट बैठक में इस विषय पर कोई ठोस फैसला नहीं लिया गया।

# शिवाजी पार्क में मीनाताई ठाकरे की प्रतिमा पर फेंका गया रंग

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



बुधवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की दिवंगत पत्नी मीनाताई ठाकरे की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया। दरअसल किसी ने मीनाताई की प्रतिमा पर रंग फेंक दिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। सुबह करीब 6.30 बजे एक राहगीर ने प्रतिमा पर लाल रंग देखा। इसकी जानकारी मिलने के बाद, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और परिसर की सफाई शुरू कर दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बाद में पुलिस को प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने की सूचना दी गई। अधिकारी ने बताया कि घटना के पीछे कौन था, इसकी पहचान के लिए कई पुलिस टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने बताया कि शिवाजी पार्क क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। महाराष्ट्र के गृह एवं राजस्व राज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना से जुड़े योगेश कदम ने मीनाताई ठाकरे को सभी शिवसैनिकों की मातृशक्ति बताया और इस मामले को उनके लिए एक भावनात्मक मुद्दा बताया।

### शिवसेना यूबीटी ने सरकार पर लगाए आरोप


मंत्री ने कहा कि उनके पिता और शिवसेना नेता रामदास कदम ने बाल ठाकरे के निर्देश पर यह मूर्ति बनवाई और स्थापित की थी। वहीं शिवसेना (यूबीटी) नेता और सांसद अनिल देसाई ने मूर्ति के विरूपण को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'यह राज्य सरकार की विफलता है।' स्थानीय सेना (यूबीटी) विधायक महेश सावंत ने मीनाताई ठाकरे को अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं की मातृशक्ति बताया और कहा कि सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि मूर्ति को सुबह 6.15 बजे के बाद विरूपित किया गया था। उन्होंने कहा कि रंग फेंकने वाला व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त नहीं लग रहा है।

# खिलाड़ियों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

राज्य का खेल विभाग चाहता है कि सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों के लिए आरक्षण का कोटा बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाए। इस संबंध में प्रस्ताव जल्द ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पास भेजा जाएगा। राज्य के खेल एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री माणिकराव कोकाटे ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पदक जीतने वाले एथलीटों को आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए।

कोकाटे ने बताया कि फिलहाल ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए 5 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था है। लेकिन खिलाड़ियों को और प्रोत्साहन देने के लिए इसे 10 प्रतिशत करने की मांग मुख्यमंत्री से की गई है।



### खेल विभाग में ही होगी खिलाड़ियों की नियुक्ति

सरकारी सेवा में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को अब केवल खेल विभाग में ही नियुक्ति मिलेगी। इससे पहले वे अन्य विभागों में भी काम कर सकते थे, लेकिन अब उन्हें खेल विभाग तक ही सीमित किया जाएगा। राज्य के हज़ारों जिला परिषद स्कूलों में केवल एक या दो शिक्षक ही हैं। इनमें खेल शिक्षकों की भारी कमी है।

### खेल शिक्षकों की नियुक्ति होगी अनिवार्य

खेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि जिला परिषद के केंद्रीय विद्यालयों में कम से कम एक खेल शिक्षक की नियुक्ति अनिवार्य की जाएगी ताकि विद्यार्थियों को खेल की मूलभूत शिक्षा मिल सके।

### आदिवासी खिलाड़ियों पर विशेष ध्यान

कोकाटे ने कहा कि राज्य के आदिवासी खिलाड़ी स्वभाविक रूप से तेज़ और फुर्तीले होते हैं। विभाग इन खिलाड़ियों को विशेष प्रोत्साहन देगा और उनके लिए अलग योजनाएं तैयार की जाएंगी। खेल विभाग राज्य के सभी खिलाड़ियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष योजना बना रहा है। इससे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलेगी।

# गंभीर मामलों में अग्रिम जमानत पर हाई कोर्ट सख्त

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि अग्रिम जमानत देते समय अदालत को बेहद सतर्क रहना होगा। गंभीर मामलों में आरोपी को अंतरिम संरक्षण देने से न्याय में बाधा आ सकती है, सबूतों से छेड़छाड़ या जांच प्रभावित होने की संभावना रहती है। इसी आधार पर अदालत ने आरोपी को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। पुणे निवासी हरिभाऊ ज्ञानदेव चेमटे की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि अग्रिम जमानत एक असाधारण उपाय है, जिसे नियमित तौर पर नहीं दिया जाना चाहिए। अदालत ने माना कि गंभीर अपराध में यह राहत केवल ठोस कारणों पर दी जा सकती है। इस मामले में याचिकाकर्ता के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं, इसलिए उन्हें राहत नहीं दी जा सकती। दरअसल, आरोपी ने पुणे की निचली अदालत से जमानत मांगी थी, जो खारिज हो गई। इसके बाद हाई कोर्ट में अंतरिम अग्रिम जमानत की मांग की गई, जहां हस्तलिखित आदेश पेश किया गया।

# शातिर निकली पत्नी, कर्ज के बहाने लगाया 1.73 करोड़ का चूना

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई के भांडुप इलाके से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने अपने तीन साथियों की मदद से पति को करीब एक करोड़ रुपए से अधिक का चूना लगाया। पीड़ित विशाल अशोक रोडे की शिकायत पर भांडुप पुलिस ने पत्नी पूनम रोडे और उसके तीन सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, पूनम एक निजी कंपनी में काम करती थी, जहां उसकी दोस्ती आरोपियों से हुई थी। 2019 में उसने पति को कर्ज दिलाने का झांसा देकर अपने दोस्तों से मिलवाया। विशाल को कर्ज की जरूरत थी, इसलिए उसने शर्त मान ली। पत्नी की साजिश ने इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी केस की याद दिला दी।




आरोप है कि विशाल ने कर्ज के लिए 6.92 लाख रुपए प्रोसेसिंग फीस के तौर पर दिए, लेकिन उसे कर्ज नहीं मिला। इसके बाद आरोपियों ने अपनी कंपनी की एक महिला से विशाल की ऑनलाइन बातचीत करवाई। बातचीत के दौरान महिला ने अश्लील तस्वीरें साझा कर नजदीकी बढ़ाई और फिर उन्हीं तस्वीरों के जरिए उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

### हर महीने खाते से लाखों की निकासी

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, 2022 से पूनम हर महीने 2.20 लाख रुपए पति के खाते से अपने खाते में ट्रांसफर करवाती रही। इस तरह उसके खाते में कुल 82.23 लाख रुपए पहुंच गए। इसके अलावा आरोपियों ने विशाल से उसकी संपत्ति के दस्तावेजों पर भी जबरन हस्ताक्षर कराए। लंबे समय तक प्रताड़ना झेलने के बाद विशाल ने हिम्मत जुटाकर भांडुप पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने पत्नी और उसके तीन साथियों के खिलाफ कुल 1.73 करोड़ रुपए की ठगी का मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन पुलिस ने सभी आरोपियों को नोटिस जारी कर दिया है।

# मारीको समूह के ठिकानों पर आयकर विभाग का सर्वे

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

आयकर विभाग ने बुधवार को मारीको समूह के कई कारोबारी ठिकानों पर सर्वे किया। यह कार्रवाई टैक्स चोरी के संदेह में मुंबई जांच विंग की टीमों द्वारा की गई। आयकर टीमें कंपनी के वित्तीय दस्तावेजों और लेन-देन की गहन जांच कर रही हैं। फिलहाल कंपनी ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं दी है। मारीको भारत की प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों में से एक है, जो ब्यूटी और वेलनेस प्रोडक्ट बनाती है। कंपनी के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में इसका टर्नओवर 1.3 अरब डॉलर रहा, जिसमें भारत समेत एशिया और अफ्रीका के कई देशों से हुई बिक्री शामिल है। आयकर विभाग की सर्वे कार्रवाई अचानक कंपनी के ऑफिस या बिजनेस ठिकानों पर जाकर रिकॉर्ड की जांच के लिए की जाती है, ताकि टैक्स चोरी की संभावनाओं का पता लगाया जा सके।




**पश्चिम रेलवे**

**यार्ड का सुधार एवं उन्नयन**

वरिष्ठ डीईएन (दक्षिण) मुंबई सेंट्रल, मुंबई -400008, **ई-निविदा सूचना संख्या: क्रमांक:1: बीसीटी/25-26/229 दिनांक 15.09.2025** आमंत्रित करते हैं। **कार्य एवं स्थान: चर्चगेट-विरार खंड:** एडीईएन (टी/एन) बोरीवली के अधीन अधिकार क्षेत्र, कांदिवली, वसई रोड, विरार में यार्ड का सुधार एवं उन्नयन। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.1,15,70,632.06 **बयाना राशि:** रु. 2,07,900/- **क्रमांक: 2. ई-निविदा सूचना संख्या: बीसीटी/25-26/230 दिनांक 09.09.2025. कार्य एवं स्थान: चर्चगेट-विरार खंड:** अधिशासी अभियंता (तकनीकी) लोअर परेल के अधीन चर्चगेट, अंधेरी, माहिम-बांद्रा और दादर में यार्ड का सुधार एवं उन्नयन खंड। **कार्य की अनुमानित लागत:** 1,52,35,108.10. **अग्रिम राशि:** 2,26,200/-. **दोनों निविदाएँ जमा करने की तिथि एवं समय:** 10.10.2025, 15:00 बजे तक। **दोनों निविदाएँ खोलने की तिथि एवं समय:** 10.10.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें www.ireps.gov.in 0607

Like us on: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**
**सोलापुर मंडल**

**विभिन्न निर्माण कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी और से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदायें आमंत्रित करते है। **कार्य का नाम:** Strengthening weak side slope by construction of Toe Wall Murom Filling, Boulder pitching, preparing sub-bank dressing of Bank by 2:1 Slope for approaches of bridge no. 552/1, 552/2, 557/3, 557/4 & 557/5 (Total 1000x2=2000m) in Kulali-Wadi section. **अनुमानित लागत:** ₹ 5,67,72,906.50. **बयाना रकम:** ₹ 433900/-. **समापन की अवधी:** 12 Months. **अनुरक्षण की अवधी:** 12 Months. **www.ireps.gov.in इस वेबसाईट पर टेंडर अपलोड करने कि अंतिम दिनांक और समय:** 07/10/2025 को 15.00 बजेतक। **www.ireps.gov.in इस वेबसाईट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समय:** 07/10/2025 को 15.30 बजे। निविदाकारोंसे निवेदन हैं की कोई बदलाव/शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये Website: **www.ireps.gov.in** पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।

**निविदा क्र.: 25-2025-SrDENS**
**मं.रे.प्र.(कार्य) सोलापुर**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है
Sai/SUR/57

**Tender Notice**

Vijay Nagar Co-op Housing Society Ltd. Invites Tender from from Reputed Contractor for Construction of Residential + Commercial Building (Civil, Finishes & MEP Works) lock & key on lump sum basis", on project site at Vijay Nagar Co-op Housing Society Ltd., Mauje Kamatghar, Bhiwandi having approximate 1.5 Lacs Sq. Ft construction area of Building A & B, (Building A - G+1 commercial building, Building B - Ground + 26 Floors residential Building).

Interested parties must fulfil ALL THE FOLLOWING MINIMUM CRITERIA and submit a detailed corporate profile along with documents for each criteria below:

(1) Minimum 15 years of Work Experience in Real Estate (Buildings) Projects.

(2) Balance Sheet showing min Rs. 30 Crores annual turnover in Real Estate Projects for last 3 Years.

(3) Minimum 3 completed residential buildings.

(4) Minimum 2 completed Buildings in Kalyan / Bhiwandi / Thane.

(5) Minimum2 completed Buildings of minimum 1.5 Lakhs Sq.Ft. built-up area each.

The Tender document can be obtained from office of Vijay Nagar Co-op Housing Society Ltd., Mauje Kamatghar, Bhiwandi on below mentioned date and time by paying Rs. 15,000 + 18% GST in form of Bank Demand Draft (Cost of Tender)

Date and Time: From 18.09.25 to 20.09.25 between 11.00 hours to 17.00 hours except Sundays and Bank Holidays.

Last Date of Submission of Tender is 25.09.2025; Mobile: 9890196564

**मध्य रेल**
**सोलापुर मंडल**

**मशीनीकृत आंतरिक सफाई का अनुबंध कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), मध्य रेल, सोलापुर के व्दारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखीत कार्य के लिए ख्यातीप्राप्त प्रतिष्ठानों/ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। **(1) कार्य का नाम स्थान सहित :** सोलापुर मंडल के लातूर और हरंगुल स्टेशन पर प्लेटफार्म वापसी/टर्मिनल ध्यान ट्रेनों के कोचों की मशीनीकृत आंतरिक सफाई का अनुबंध कार्य तीन साल की अवधि के लिए GeM के माध्यम से जनशक्ति के आधार पर किया गया है। **(2) निविदा कार्य पध्दती :** दो पॅकेट सिस्टम. **(3) कार्य की औसत लागत :** ₹ 1,11,97,199.36. **(4) निविदा प्रपत्र मुल्य :** Nil. **(5) कार्यालय का पता, जहां से निविदा प्रपत्र खरीदे जा सकते हैं :** मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), मध्य रेल, सोलापुर. **(6) जमा करने योग्य बयाना रकम :** ₹ 2,05,986/-. **(7) कार्य का समापन अवधि :** तीन साल कार्य की प्रारंभ की तिथी से। **(8) निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथी एवं समय : 09/10/2025 at 10.00 hrs. (9)** निविदा बक्सा खुलने की तिथी एवं समय : **09/10/2025 at 10.30 hrs. (10) वेबसाईट विवरण एवं सूचना बोर्ड लोकेशन जहां से निविदा के संपुर्ण विवरण देखे जा सकते है : www.gem.gov.in/**

**वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/सोलापुर**
**निविदा सूचना क्रमांक - GEM/2025/B/6674957 dated 16/09/2025**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है
Sai/SUR/56

**पश्चिम रेलवे**

**निर्माण कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (पश्चिम रेलवे), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008 **ई-निविदा सूचना संख्या: BCT/25-26/228 दिनांक 15/09/2025** आमंत्रित करते हैं। **कार्य एवं स्थान: विरार-जोरावासन खंड:** घोलवड, पारडी, संजन और डुंगरी में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग उपकरणों के प्रतिस्थापन के संबंध में ईएल बिल्डिंग का निर्माण। (विद्युत (पी) कार्यों सहित समग्र निविदा)। **लगभग कार्य की लागत:** 11,15,23,924.96 **ब्याज राशि:** 7,07,600/-. **तिथि और समय जमा:** 10.10.2025, 15:00 बजे तक। **उद्घाटन तिथि एवं समय:** 10.10.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 0604

Like us on: facebook.com/WesternRly

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

विभाग: मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत)
क्रमांक ई.ई. मैकेनिकल/ईआई/3985/मेंटेनेंस दिनांक 17.09.2025

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई मनपा आयुक्त, पात्र बोलीदाताओं से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। बोली प्रारंभ तिथि एवं समय तथा बोली समाप्ति तिथि एवं समय बृहन्मुंबई नगर निगम की वेबसाइट पर निविदा अनुभाग एवं महाटेंडर पोर्टल के अंतर्गत विस्तृत निविदा सूचना में निर्दिष्ट है।

| क्रमांक | बोली संख्या | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2025_MCGM_1219140_1 | सरदार वल्लभभाई पटेल स्विमिंग पूल, कांदिवली (पश्चिम), आर/दक्षिण वार्ड में 02 लिफ्टों की मरम्मत एवं एएमसी कार्य। |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदा के बारे में अधिक जानकारी के लिए बीएमसी की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in और महाटेंडर पोर्टल की वेबसाइट http://mahatenders.gov.in पर जाएँ।

हस्ता/-
ई.ई.मैकेनिकल (ई1) रखरखाव

पीआरओ/1632/विज्ञा./2025-26

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

संपादकीय

## संतुलनकारी हस्तक्षेप

वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश का केंद्र सरकार और विपक्ष दोनों ने ही स्वागत किया है। एक संवेदनशील संतुलन बनाते हुए न्यायालय ने अधिनियम के कुछ प्रमुख प्रावधानों पर रोक लगा दी है। जिसमें एक वह खंड भी शामिल है, जो यह निर्धारित करता है कि पिछले पांच वर्षों से इस्लाम का पालन करने वाले लोग ही किसी संपत्ति को वक्फ के रूप में समर्पित कर सकते हैं। हालांकि, न्यायालय ने पूरे कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, यह कहते हुए कि 'अनुमान हमेशा किसी कानून की संवैधानिकता के पक्ष में होता है।' बहरहाल, सत्तारूढ़ भाजपा इस बात से राहत महसूस कर रही है कि अब इस अधिनियम को असंवैधानिक घोषित किए जाने का खतरा नहीं है। जबकि कांग्रेस का दावा है कि इस कानून के पीछे विभाजनकारी एजेंडा उजागर हुआ है। दरअसल, सरकार ने अप्रैल में लागू किए इस कानून को देशभर में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन के लिये एक 'धर्मनिरपेक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह' व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से लागू करने की बात कही थी। निस्संदेह, वक्फ बोर्डों पर वर्षों से लग रहे भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन, अतिक्रमण, संपत्ति की अवैध बिक्री और हस्तांतरण आदि के आक्षेपों को देखते हुए, प्रशासन में सुधार के लिये नियंत्रण और संतुलन स्थापित करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, विपक्ष और कुछ मुस्लिम संगठनों को यह आशंका रही है कि तथाकथित सुधारों का दुरुपयोग वक्फ मामलों में हस्तक्षेप करने और यहां तक कि संपत्तियों को जब्त करने के लिये किया जा सकता है। उनकी दृष्टि में एक विवादास्पद प्रावधान केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने से संबंधित रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे सदस्यों की संख्या को सीमित करने का प्रयास किया है। कहा गया कि कानून में पर्याप्त सुरक्षा उपाय होने चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन न हो सके। दरअसल, विगत में विपक्ष आशंका जताता रहा है कि यह अधिनियम ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे सकता है और सांप्रदायिक सद्भाव के लिये खतरा बन सकता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि न्यायालय का अंतिम आदेश कानून से जुड़ी ऐसी तमाम आशंकाओं का समाधान कर सकेगा। देश के मौजूदा परिदृश्य में सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिये वक्फ की समृद्ध क्षमता का दोहन करने पर राजनीतिक और धार्मिक सहमति बनाने की आवश्यकता है। निस्संदेह, शीर्ष अदालत का फैसला पूरी तरह से तार्किक आधार रखता है, जिसे संतुलन के हस्तक्षेप की संज्ञा दी जा रही है। जिससे मुस्लिम पक्ष की कतिपय आशंकाओं को दूर करने का ही प्रयास हुआ है। निस्संदेह, शीर्ष अदालत द्वारा किए गए संशोधन में संविधान की मूल भावना का ध्यान रखा गया है। इसके अतिरिक्त कोर्ट ने उन प्रावधानों पर भी रोक लगायी है, जो जिलाधिकारी या सरकारी अधिकारी को यह तय करने की शक्ति देते थे कि कोई वक्फ संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं। दरअसल, शीर्ष अदालत का मानना था कि जिलाधिकारी कार्यपालिका का अंग ही होता है। अगर उसे यह शक्ति दी जाती है तो यह शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत के खिलाफ होगा। जिसके मूल में यह सोच रही है कि लोकतंत्र के तीन आधारभूत स्तंभों विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच शक्ति का संतुलन कायम रह सके।

**शख्सियत** | **काका हाथरसी**

## हिंदी हास्य-व्यंग्य के जनक



काका हाथरसी (18 सितंबर 1906 - 18 सितंबर 1995) भारत के एक प्रसिद्ध हिंदी व्यंग्यकार और हास्य कवि थे, जिन्होंने अपने साहित्यिक योगदान से हिंदी साहित्य को एक नई दिशा प्रदान की। उनका असली नाम प्रभु लाल गर्ग था, लेकिन उन्होंने लेखन के लिए "काका हाथरसी" उपनाम अपनाया।

वहीं, "हाथरसी" शब्द उनके गृहनगर हाथरस से लिया गया। काका हाथरसी का साहित्यिक सफर अत्यंत समृद्ध और व्यापक रहा। उन्होंने कुल 42 कृतियों की रचना की, जिनमें हास्य और व्यंग्य कविताओं, गद्य तथा नाटकों का संग्रह शामिल है। उनके लेखन की विशेषता यह थी कि वे आम जनजीवन की घटनाओं, राजनीतिक परिस्थितियों और सामाजिक कुरीतियों को अत्यंत सहज, सरल और हंसी-मजाक के माध्यम से प्रस्तुत करते थे, जिससे पाठक हंसते-हंसते गहरी बातें समझ जाते थे। काका हाथरसी ने केवल हास्य-व्यंग्य तक ही अपने साहित्य को सीमित नहीं रखा, बल्कि "वसंत" उपनाम से भारतीय शास्त्रीय संगीत पर तीन पुस्तकों की भी रचना की। वे न केवल साहित्यकार थे, बल्कि संगीत और नृत्य की गहरी समझ भी रखते थे। 1932 में उन्होंने "संगीत कार्यालय" की स्थापना की, जिसे प्रारंभ में "गर्ग एंड कंपनी" के नाम से जाना जाता था। यह प्रकाशन गृह भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य पर पुस्तकों का एक महत्वपूर्ण केंद्र बना। 1935 में उन्होंने मासिक पत्रिका "संगीत" का प्रकाशन प्रारंभ किया, जो आज तक 78 वर्षों से लगातार प्रकाशित हो रही है और भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य पर केंद्रित एकमात्र पत्रिका के रूप में जानी जाती है। उनके इस अमूल्य योगदान को देखते हुए भारत सरकार ने उन्हें 1985 में "पद्मश्री" से सम्मानित किया। काका हाथरसी का नाम साहित्य और संस्कृति की दुनिया में इतना प्रख्यात हो गया कि उनकी स्मृति में दिल्ली स्थित "हिंदी अकादमी" हर वर्ष साहित्यिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए "काका हाथरसी पुरस्कार" प्रदान करती है। हास्य और व्यंग्य को साहित्य की गरिमा बनाए रखते हुए प्रस्तुत करना उनकी सबसे बड़ी विशेषता थी। उन्होंने समाज में व्याप्त बुराइयों और राजनीतिक विसंगतियों पर इतनी सटीक चोट की कि लोग न केवल मनोरंजन का अनुभव करते, बल्कि चिंतन करने को भी बाध्य हो जाते। काका हाथरसी का योगदान केवल साहित्य तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने फिल्म निर्माण में भी अपनी भूमिका निभाई। वे और उनके बेटे डॉ. लक्ष्मी नारायण गर्ग ने 1983 में ब्रज संस्कृति पर आधारित फीचर फिल्म "जमुना किनारे" का निर्माण किया। यह फिल्म "काका हाथरसी फिल्म्स प्रोडक्शन" के बैनर तले बनी और इसका निर्देशन, निर्माण तथा संगीत स्वयं डॉ. लक्ष्मी नारायण गर्ग ने किया। फिल्म की कहानी अशोक चक्रधर ने लिखी, जो काका हाथरसी के दामाद थे और उनकी भतीजी सुश्री बागेश्री के पति थे। यह फिल्म ब्रज भाषा और संस्कृति को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती है, जो उनके पारिवारिक और साहित्यिक जीवन की व्यापकता को दर्शाती है। इस प्रकार काका हाथरसी केवल एक व्यंग्यकार और हास्य कवि ही नहीं, बल्कि बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे, जिन्होंने साहित्य, संगीत, नृत्य और सिनेमा के क्षेत्र में अपने अद्वितीय योगदान से भारतीय संस्कृति और समाज को समृद्ध किया और अपनी अमर रचनाओं तथा कार्यों के माध्यम से हमेशा के लिए हिंदी साहित्य और संस्कृति की धरोहर बन गए।



जयोस्तुते भाग-35



# रामजन्मभूमि- शिलान्यास की तैयारी

चतुर राजनीतिज्ञ किस प्रकार पलटी मारते हैं, इसका स्पष्ट प्रमाण अब सामने आने वाला था। महंत अवैद्यनाथ के कड़े रुख के कारण पूरी प्रशासनिक व्यवस्था ही नहीं बल्कि सरकार भी स्तब्ध हो गई। उन्होंने जहां शिलान्यास होना था, उस स्थान का नक्शा मंगवाया और नाप जोख का नाटक किया। बूटा सिंह को जब यह एहसास हो गया कि अपनी नहीं चल रही है, तो उन्होंने पलटी मारते हुए कहा, 'महंत जी, नाप जोख में कुछ त्रुटि हुई है। आप जहां शिलान्यास करना चाहते हैं वह जमीन न्यायालय द्वारा विवादित घोषित किए गए भूखंड क्रमांक 586 के बाहर है। आप वहां शिलान्यास कर सकते हैं।' इससे यह सिद्ध हो गया कि सरकार पहले कितना झूठ बोल रही थी।

**मूल लेख : अवधूत वाघ**



(मुंबई के प्रथम आरएसएस संघचालक स्व. दादा राव नाईक की महान विरासत को जारी रखने और युवावस्था में आरएसएस और एबीवीपी से जुड़कर गर्व महसूस करनेवाले सारस्वत बैंक के पूर्व निदेशक अवधूत वाघ महाराष्ट्र भाजपा के राज्य प्रवक्ता हैं। वीजेटीआई से 1981 बैच के इंजीनियरिंग स्नातक और जमनालाल बजाज संस्थान से 1987 बैच के वित्तीय प्रबंधन में परा-स्नातक अवधूत वाघ एक शिक्षाविद् होने के साथ-साथ प्रखर समाजसेवी हैं। जल संसाधन क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करनेवाले चार्टर्ड इंजीनियर वाघ को भारत में पेट्रोलियम रिफाइनरियों में वीओसी संग्रह और निष्कासन प्रणाली के लिए आयात विकल्प प्रौद्योगिकी को डिजाइन करने का श्रेय जाता है। मंझे हुए कबड्डी खिलाड़ी और कवि-लेखक अवधूत वाघ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर सिलसिलेवार ब्लॉग लिखकर भ्रांतियों को ध्वस्त करने और तथ्यों को सरल तरीके से सामने लाने का काम किया है।)

**शिलान्यास** कार्यक्रम को किसी भी तरह से विफल करने का प्रयास करने वाली कांग्रेस सरकार को अपनी हार स्वीकार करनी पड़ी और विश्व हिंदू परिषद की अगुवाई में 9 नवंबर 1989 को महंत अवैद्यनाथ, पूज्य वामदेव, महंत रामचंद्र दास आदि की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। अगले दिन सुबह 9:30 बजे शुभ मुहूर्त पर गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथजी के हाथों नींव की खुदाई की गई। फिर बिहार के दलित रामभक्त संत कामेश्वर चौपाल के हाथों जोरदार उद्घोषणाओं और शंखनाद के साथ विधिपूर्वक शिलान्यास किया गया। यह शिलान्यास केवल श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का नहीं, बल्कि 5000 वर्षों पुरानी हिंदू संस्कृति की पुनर्स्थापना का प्रतीक था। यह सामाजिक समता, ममता, भाईचारा और समरसता का शिलान्यास था। इस अवसर पर संघ के सरसंघचालक बालासाहेब देवरस ने एक भावपूर्ण संदेश लिखा जिसमें उन्होंने कहा, 'राष्ट्र के महानायक प्रभु श्रीराम के मंदिर की पुनर्स्थापना के लिए तथा जन्मभूमि की मुक्ति के लिए जिन लाखों हिंदुओं ने बलिदान दिया, उन्हें मैं इस शुभ अवसर पर स्मरण करता हूं। 10 नवंबर को हुआ शिलान्यास, हिंदुओं के शताब्दियों से चले आ रहे संघर्ष का प्रतीक है। जिस प्रकार सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बना, उसी प्रकार श्रीराम जन्मभूमि की मुक्ति भी हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान की पुनर्स्थापना है।' शिलान्यास समारोह के दौरान संघ के सहकार्यवाह हो. वे. शेषाद्री उपस्थित थे। उन्होंने कहा, 'यह कोई साधारण मंदिर निर्माण का कार्य नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अपमान का परिमार्जन और हमारी राष्ट्रीय अस्मिता को पुनः जागृत करने का एक अनुष्ठान है। शिलान्यास तो हुआ ही है, अब नींव की वह शिला मंदिर के उस शिखर की प्रतीक्षा कर रही है, जो भारतीय जीवनदर्शन का प्रतीक होगा, जिसकी रोशनी में मानवता अपने जीवन उद्देश्य का प्रत्यक्ष रूप देख सकेगी।' संघ के सरकार्यवाह रज्जूभैया ने कहा, 'श्रीराम जन्मभूमि पर हुआ शिलान्यास राष्ट्रीय भावनाओं की सफलता का प्रतीक है। अब यह स्पष्ट हो गया है कि इस देश में अब कोई भी हिंदू भावनाओं का अपमान करने का दुस्साहस नहीं कर सकेगा।'





**शिलान्यास** के बाद विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में 27-28 जनवरी 1990 को प्रयाग में संत सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें यह निर्णय लिया गया कि 14 फरवरी से मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। इसी समय देश की राजनीतिक परिस्थिति तेजी से बदल रही थी। कांग्रेस की हार हो चुकी थी और वी. पी. सिंह के नेतृत्व में गठबंधन सरकार अस्तित्व में आ चुकी थी। वे हिंदू नेताओं से चर्चा के लिए बार-बार समय मांगकर इस मुद्दे को टालने का प्रयास करते रहे। हिंदू नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री वी. पी. सिंह को दी गई चार महीने की अंतिम समयसीमा 9 जून को समाप्त हो गई, जिसके बाद 23-24 जून को हरिद्वार में संत सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न पीठों, पंथों और संप्रदायों के 664 प्रमुख संत उपस्थित थे। इस सम्मेलन में श्रीराम जन्मभूमि पर श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर निर्णय लिया गया।

**24 जून** को आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के महामंत्री अशोक सिंघल ने घोषणा की कि '30 अक्टूबर श्रीराम मंदिर निर्माण का दिन होगा और यह किसी भी परिस्थिति में बदला नहीं जाएगा। सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सहयोग करना चाहिए। इस कालखंड में हर गांव से कम से कम एक कारसेवक अपने ग्राम-प्रमुख का आशीर्वाद और ग्रामवासियों के प्रेम की शक्ति लेकर अयोध्या पहुंचेगा। इस प्रकार देशभर से कुल 5 लाख कारसेवक अयोध्या में एकत्र होंगे। यदि सरकार ने बाधा डाली तो संघर्ष करेंगे। गिरफ्तारी या गोली खानी पड़ी तो वह भी सहेंगे। इस संघर्ष में हम संतों के आदेश का पालन करेंगे।' इस सम्मेलन के समाप्त होते ही, 28 जून 1990 को भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी ने घोषणा की कि 'भाजपा अपनी पूरी शक्ति से इस आंदोलन में भाग लेगी।' उन्होंने लगे सरकार को चेतावनी दी कि 'अगर सरकार ने श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य में कोई विघ्न डाला तो भारत में अब तक का सबसे बड़ा जनांदोलन खड़ा होगा।' यदि सरकार ने मंदिर निर्माण में बाधा डाली या बल प्रयोग किया, तो बजरंग दल ने 70,000 कार्यकर्ताओं का बलिदान हेतु पंजीकरण किया था, और 2,50,000 बजरंगियों के पंजीकरण की पूर्व तैयारी भी कर ली गई थी।

**सिर्फ** अयोध्या में कारसेवकों को लाना भर ही उद्देश्य नहीं था, बल्कि उनके गांवों में भी श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति अभियान का वातावरण निर्मित करना, जनमत संगठित करना और संपूर्ण देश के हिंदुओं को एकजुट करना ही लक्ष्य था। 1 सितंबर 1990 को श्रीरामज्योति प्रज्वलित की गई। मोरोपंत पिंगले के हाथों महंत श्री विश्वनाथ दास शास्त्री ब्रह्मचारी के आश्रम में यह समारोह संपन्न हुआ। इसके बाद स्वामी राम नारायणाचार्य ने श्रीरामज्योति के साथ संकल्पित श्रीराम मंदिर स्थल जाकर रामलला की और शिलान्यास स्थल की पूजा की। यह ज्योति पूरे देश के सभी जिलों तक पहुंचाई गई, और विजयादशमी को उसकी भव्य यात्रा निकाली गई। विजयादशमी से दीपावली तक गांव-गांव श्रीरामज्योति यात्राएं निकाली गईं। प्रत्येक हिंदू भाई-बहन ने इस ज्योति से अपने घर की ज्योति प्रज्वलित की और इस प्रकार यह यात्रा एक हिंदू मिलन और जनजागरण का अनोखा कार्यक्रम बन गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संघ के असंख्य कार्यकर्ताओं ने अपने व्यक्तिगत कार्यों को छोड़कर इसमें भाग लिया। शिलापूजन की तरह ही इस कार्यक्रम की जानकारी देने हेतु गांव-गांव यात्रा की गई। अयोध्या से लाई गई श्रीरामज्योति को गांव-गांव पहुंचाना और वहां से फिर अयोध्या तक ले जाना यह एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम था, जिसके लिए संघ के स्वयंसेवकों ने अथक परिश्रम किया। इस दौरान आचार्य धर्मेंद्रजी, साध्वी ऋतंभरा की सभाओं ने देशभर में वातावरण निर्माण किया।

**यदि** महाराष्ट्र की बात करें तो मुंबई से निकली श्रीरामज्योति 23 सितंबर 1990 को नाशिक के प्रसिद्ध कालाराम मंदिर में पहुंची। इस मंदिर में प्रवेश के लिए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को अतीत में सत्याग्रह करना पड़ा था। उसी सत्याग्रह में भाग लेने वाले दलित भाई रंभाजी पगारे, देवराम डांगले और शंकरराव लोखंडे अपने परिवार सहित उपस्थित होकर श्रीरामज्योति की पूजा की। श्रीरामज्योति ने पूरे देश में समरसता की ज्योत प्रज्वलित की। एक ओर देशभर में श्रीरामज्योति यात्राएं निकाली जा रही थीं, तो दूसरी ओर 12 सितंबर 1990 को भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी ने घोषणा की कि भारतीय जनसंघ के दूसरे अध्यक्ष पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर से 30 अक्टूबर के बीच सोमनाथ से अयोध्या तक रथयात्रा निकाली जाएगी। इस रथयात्रा में भाजपा के 100 से अधिक सांसद और 600 से अधिक विधायक कारसेवा में भाग लेंगे।

**क्रमशः**

**अनुसर्जन : श्वेता शालिनी**



(श्री हरि के आनंद-अश्रु से उपजी पापनाशिनी सरिता 'मां सरयू' की सेवा में समर्पित अपने परिवार की शुचिता और सेवा की विरासत को बखूबी सहेजनेवाली श्वेता शालिनी महाराष्ट्र भाजपा की प्रवक्ता और सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी हैं। इससे पूर्व सचिव और भाजपा उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ की महाराष्ट्र प्रभारी की जिम्मेदारियों का उल्लेखनीय निर्वाह कर चुकी श्वेता शालिनी इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की उच्च शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ एक सफल उद्यमी हैं। महाराष्ट्र सरकार गठित सेक्शन 8 कंपनी वीएसटीएफ की पूर्व कार्यकारी निदेशक भी रह चुकी हैं। एक प्रखर वक्ता के रूप में विशेष मुकाम रखनेवाली श्वेता शालिनी दर्शनशास्त्र, जीवन-शास्त्र और अर्थशास्त्र जैसे गूढ़ विषयों पर लिखनेवाली एक प्रतिष्ठित स्तंभकार होने के साथ-साथ युवाओं, महिलाओं और विशेषकर ग्रामीणों के उत्थान में कार्य करने के लिए प्रसिद्ध हैं। अनुसर्जन का यह उनका पहला प्रयोग है।)

(यह कॉलम हर उस इंसान के लिए है जो संघ को समझना चाहता है, फिर वह समर्थन में हो या विरोध में : संपादक)

**सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश**



# श्राद्ध पक्ष का आध्यात्मिक महत्व

श्राद्ध पक्ष प्रत्येक वर्ष भाद्रपद पूर्णिमा से प्रारंभ होकर आश्विन अमावस्या तक चलता है। वर्ष 2025 में यह पावन काल 7 सितंबर से आरंभ होकर 21 अक्टूबर तक रहेगा। यह समय विशेष रूप से अपने पितरों का स्मरण करने, उन्हें तर्पण अर्पित करने और उनकी आत्माओं की शांति हेतु श्राद्ध करने का होता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार, मृत्यु के पश्चात साधारण कर्म करने वाली जीवात्माएँ वासनाओं के कारण पृथ्वी के वायुमंडल में बंधी रहती हैं और उन्हें जलीय, थलीय एवं आकाशचारी योनियों के रूप में पुनर्जन्म लेना पड़ता है।





**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556

श्राद्ध में तिल और जौ से बने पिंड तथा अर्पित भोजन मृतात्माओं तक पहुँचते हैं। प्रचलन है कि एक पिंड जलचर जीवात्माओं के लिए, दूसरा स्थलचर जीवात्माओं के लिए और तीसरा आकाशचारी प्राणियों के लिए अर्पित किया जाता है। इसके अतिरिक्त दो पिंड और भी बनाए जाते हैं—एक स्थावर वृक्षों के लिए और दूसरा सूक्ष्म जीव-जंतुओं जैसे चींटियों आदि के लिए। गाय, कुत्ता, कौआ आदि को भी श्राद्ध में अन्न प्रदान करना पुण्यदायी माना गया है। इस प्रकार श्राद्ध केवल पितरों की शांति का ही अवसर नहीं, बल्कि प्रकृति, पशु-पक्षी और वन्य जीवों के प्रति श्रद्धा और प्रेम प्रकट करने का पवित्र पर्व भी है।

शास्त्रों में कहा गया है कि श्राद्ध काल में मांसाहार करना महापाप है, और यदि यह पाप श्राद्ध में किया जाए तो उसका दुष्परिणाम आने वाली पीढ़ियों तक भुगतना पड़ता है। इसलिए श्राद्ध की प्रक्रिया सदैव शुद्ध, सात्त्विक और नियमों के अनुसार करनी चाहिए। योग्य ब्राह्मण को घर बुलाकर श्रद्धापूर्वक श्राद्ध करना चाहिए और अपने पितरों को सच्ची भावना से स्मरण करना चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से यदि आपके कुल की कोई पवित्र आत्मा पितृलोक या स्वर्गलोक में है, तो वह पुनः संतान के रूप में आपके परिवार में जन्म ले सकती है।

श्राद्ध के लिए गया और बद्रीनाथ का विशेष महत्व बताया गया है। गया में पिंडदान करने वाले व्यक्ति को पितृऋण से मुक्ति मिलती है। परंपरा के अनुसार, घर का सबसे बड़ा भाई, जिसकी आयु 60 वर्ष से अधिक हो चुकी हो और जिसके संतान के विवाह हो चुके हों, वह अपने छोटे भाइयों के साथ मिलकर पिंडदान कर सकता है। गया में किए गए पिंडदान का समापन बद्रीनाथ स्थित कपाल तीर्थ में करने से पूर्ण फल प्राप्त होता है। वहीं यदि कोई सीधा बद्रीनाथ में पिंडदान कर दे, तो उसे सभी पिंडदानों से मुक्ति मिल जाती है।

श्राद्ध पक्ष की अमावस्या का विशेष महत्व है। इस दिन वयोवृद्ध और वरिष्ठ जन अपने पितरों का आह्वान करके उन्हें जीवन का अंतिम पिंडदान दे सकते हैं। वर्ष में एक बार श्राद्ध करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य माना गया है। यह न केवल पितरों की आत्मा की शांति के लिए आवश्यक है, बल्कि उनके द्वारा किए गए पुण्य कार्यों का स्मरण कर अपने जीवन में सद्गुणों को अपनाने का अवसर भी है।

## अपने विचार



प्रदेश के तीन कांग्रेस सांसदों ने भी उन्हें यही बात बताई है। एक तरफ तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी, दिन-रात वोट चोरी की बातें करते रहते हैं। वहीं, रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना के बेटे और इंडिया गठबंधन की तरफ से उपराष्ट्रपति उम्मीदवार के साथ इतना बड़ा धोखा कर दिया।

**पाडी कौशिक रेड्डी**
विधायक,बीआरएस पार्टी



यह संख्या और बढ़ेगी। जिन्होंने बालासाहेब की विचारधारा को त्याग दिया था, उन्हें जनता ने लोकसभा और विधानसभा में उनकी जगह दिखा दी है। हमारा एक ही एजेंडा है - विकास, विकास और सिर्फ विकास! इन्हीं विकास कार्यों के बल पर महायुति का महापौर चुना जाएगा।

**एकनाथ शिंदे**
डिप्टी सीएम, महाराष्ट्र

**अपने विचार**

**डीबीडी कार्यालय**

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### डॉ. अविनाश पाटील 'आदर्श प्राचार्य पुरस्कार' से सम्मानित



मुंबई। बी.के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण के प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक और प्रशासनिक सेवाओं के लिए मुंबई विश्वविद्यालय ने 'आदर्श प्राचार्य पुरस्कार' 2023-24 से सम्मानित किया। यह सम्मान विश्वविद्यालय के कालीना स्थित ग्रीन सेंटर सभागार में आयोजित समारोह में भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने प्रदान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलगुरु डॉ. रविन्द्र कुलकर्णी सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। पुरस्कार प्राप्ति से महाविद्यालय के कर्मचारियों और विद्यार्थियों में हर्ष का माहौल है तथा शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश चन्द्र और प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी। पिछले आठ वर्षों से प्राचार्य पद पर कार्यरत डॉ. पाटील वनस्पति शास्त्र के प्रख्यात विद्वान हैं, जिन्होंने 2002 में पीएचडी उपाधि प्राप्त की और तीन दशकों से अधिक समय से शिक्षण व प्रबंधन में सक्रिय रहते हुए महाविद्यालय को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है।

### 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

भिवंडी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के धार ज़िले से देशव्यापी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का ऑनलाइन शुभारंभ किया, जिसे देशभर में स्वास्थ्य विभागों और नगरपालिकाओं ने लाइव देखा। शासन के निर्देशानुसार भिवंडी-निजामपुर महानगरपालिका क्षेत्र में इस अभियान की शुरुआत बीजेपी अस्पताल और मंडई स्थित अर्बन कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में की गई, जहां अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके ने स्थानीय स्तर पर उद्घाटन किया। मुख्य वैद्यकीय अधिकारी डॉ. संदीप गाडेकर ने बताया कि पंद्रह दिन चलने वाले इस अभियान में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए गर्भावस्था जांच, मां-शिशु देखभाल, टीकाकरण, हीमोग्लोबिन, टीबी, सिकलसेल, अस्थमा, मधुमेह, एनीमिया जांच सहित व्यक्तिगत स्वच्छता पर परामर्श और आयुष्मान व आभा कार्ड पंजीकरण जैसी 13 प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस मौके पर डॉ. विद्या शेट्टी, डॉ. बुशरा शेख, डॉ. वरशा बारोट, डॉ. रूपल शाह, डॉ. समीया, डॉ. आयशा अंसारी, डॉ. यासीन काज़ी, डॉ. उमर और डॉ. आफरीन समेत कई विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहे। कार्यक्रम में आशा सेविकाओं ने आयुष्मान और आभा कार्ड बनाए, जबकि अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके ने नागरिकों से अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की और विभिन्न विभागों व संस्थाओं द्वारा लगाए गए जनजागरूकता स्टॉलों का अवलोकन किया।

# सूरत स्टेशन पर 10 अक्टूबर से कुछ ट्रेनों का ठहराव पुन: बहाल





डीबीडी संवाददाता । मुंबई

आगामी दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के मद्देनजर यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी की संभावना को देखते हुए, सूरत स्टेशन पर अस्थायी रूप से बंद की गई कुछ ट्रेनों का ठहराव 10 अक्टूबर, 2025 से पुनः बहाल किया जा रहा है। इससे यात्रियों को त्योहारों के दौरान सफर में आसानी होगी और भीड़ नियंत्रण में मदद मिलेगी।

### उधना स्टेशन के बजाय सूरत से ओरिजिनेट होने वाली ट्रेने

उधना स्टेशन से ओरिजिनेट होने वाली कुछ ट्रेनें अब सूरत स्टेशन से चलेंगी। इसमें सूरत-पुरी सुपरफास्ट, सूरत-छपरा क्लोन स्पेशल, सूरत-अमरावती सुपरफास्ट और सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस शामिल हैं।

### उधना स्टेशन के बजाय सूरत पर टरमिनेट होने वाली ट्रेने

उधना की जगह सूरत स्टेशन पर टरमिनेट होने वाली ट्रेनें भी तय की गई हैं। इनमें पुरी-सूरत सुपरफास्ट, मालदा टाउन-सूरत साप्ताहिक, छपरा-सूरत क्लोन स्पेशल और अमरावती-सूरत सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रमुख हैं।

### सूरत स्टेशन पर डाउन ट्रेनों का ठहराव

सूरत स्टेशन पर डाउन ट्रेनों में भी ठहराव बहाल किया गया है। इसमें शालीमार-पोरबंदर सुपरफास्ट, पुरी-अहमदाबाद सुपरफास्ट, नागपुर-अहमदाबाद प्रेरणा एक्सप्रेस और यशवंतपुर-अहमदाबाद सुपरफास्ट जैसी प्रमुख ट्रेने शामिल हैं। कुल 25 डाउन ट्रेनों का ठहराव बहाल किया गया है।

### स्टेशन पुनर्विकास के बावजूद ठहराव बहाली

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक के अनुसार, स्टेशन पुनर्विकास कार्य के दौरान कुछ अप और डाउन ट्रेनों के ठहराव को अस्थायी रूप से हटा दिया गया था। अब इन ट्रेनों का ठहराव अगले आदेश तक बहाल किया जा रहा है।

### सूरत स्टेशन पर अप ट्रेनों का ठहराव

10 अक्टूबर से सूरत स्टेशन पर कई प्रमुख अप ट्रेनों का ठहराव बहाल होगा। इनमें अहमदाबाद-हावड़ा सुपरफास्ट, गांधीधाम-पुरी सुपरफास्ट, ओखा-बिलासपुर एक्सप्रेस और पोरबंदर-शालीमार सुपरफास्ट जैसी ट्रेने शामिल हैं। कुल मिलाकर 25 अप ट्रेनों का ठहराव बहाल किया जाएगा।

# उल्हासनगर में विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से संपन्न

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर में विश्वकर्मा जयंती पर हनुमान नगर परिसर में विशेष पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आमदार कुमार आयलानी ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजेश वधर्या, डॉ. एस. बी. सिंह, मंडल अध्यक्ष राम प्रवेश यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कैम्प-2 हनुमान मंदिर के सामने सार्वजनिक विश्वकर्मा मंडल ने पूजा और संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन का सफल संचालन हंसराज यादव के मार्गदर्शन में किया गया।

### सीमा रिसॉर्ट के पास चौहान समाज का आयोजन



कल्याण-मुरबाड रोड सीमा रिसॉर्ट के पास रामसिंह चौहान ने विश्वकर्मा पूजा के साथ सत्यनारायण कथा और महा प्रसाद का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में चौहान एकता फाउंडेशन के पदाधिकारी सुरेश चौहान, हर गोविंद चौहान, घनजय चौहान, सीतल चौहान, दिनेश सिंह, अनिल चौहान और फत्तेसिंग चौहान समेत बड़ी संख्या में चौहान समाज के लोग शामिल हुए।

# प्रबोधनकार ठाकरे की 140वीं जयंती पर श्रद्धांजलि

विनय दूबे । भाईंदर

स्वर्गीय प्रबोधनकार ठाकरे की 140वीं जयंती के अवसर पर एमबीएमसी आयुक्त/प्रशासक राधाबिनोद शर्मा ने मीरा भाईंदर मनपा मुख्यालय में उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उन्होंने प्रबोधनकार ठाकरे के योगदान और समाज सुधारक के रूप में उनके अद्वितीय कार्यों की सराहना की।

### समाज और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा




आयुक्त/प्रशासक राधाबिनोद शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय ठाकरे न केवल महान विचारक और लेखक थे, बल्कि उन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को जागरूक करने का निरंतर प्रयास किया। उनके विचार और आदर्श आज भी युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा का स्रोत हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त डॉ. संभाजी पानपट्टे, उपायुक्त (मुख्यालय) कल्पिता पिंपले, महेश भोसले, नगरसचिव दिनेश कांगुड़े, कर मूल्यांकन अधिकारी चंद्रकांत बोरसे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'जॉय मिनी ट्रेन' शुरू की जाएगी: देसाई

दीपक पवार । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर आकर्षण बढ़ाने के लिए 'जॉय मिनी ट्रेन' योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई ने महाबलेश्वर-तापोला और कोयनानगर-नेहरूनगर मार्गों पर दो मिनी ट्रेनों के संचालन के लिए पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। यह पहल पर्यटकों को कम समय में अधिक स्थलों का भ्रमण करवा सकेगी।

### मंत्री की बैठक और दिशा-निर्देश



पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई ने मेघदूत सरकारी आवास में आयोजित बैठक में इस योजना की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. अतुल पाटने, निदेशक डॉ. बी.एन. पाटिल और महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक नीलेश गतने भी मौजूद थे। मंत्री ने बताया कि मिनी ट्रेन पहल देश और राज्य के महत्वपूर्ण स्थलों पर पर्यटकों को आकर्षित करने में मददगार साबित होगी।

### स्थानीय लाइसेंस और तकनीकी तैयारी

मंत्री देसाई ने निर्देश दिया कि इस पहल को राज्य में सफल बनाने के लिए स्थानीय लाइसेंस, तकनीकी पहलुओं और संभावित वित्तीय लाभ का विस्तृत अध्ययन किया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना कम लागत में अत्यधिक आकर्षक तरीके से शुरू की जानी चाहिए, ताकि पर्यटकों को बेहतर अनुभव के साथ राज्य के पर्यटन स्थलों से जोड़ा जा सके।

# कौशल उन्नयन ही सफलता की कुंजी है: जायसवाल

डीबीडी संवाददाता । मुंबई





महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) के उपाध्यक्ष एवं सीईओ संजीव जायसवाल ने कहा कि आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में तेजी से हो रही प्रगति सभी क्षेत्रों के लिए चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने म्हाडा जैसे इंजीनियरिंग संस्थानों में इंजीनियरों के कौशल उन्नयन और आत्म-सुधार पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता बताई। उनका कहना था कि दक्षता और कौशल ही किसी भी इंजीनियर की सफलता की असली कुंजी हैं।

### पदोन्नति और पुस्तक विमोचन

इस अवसर पर म्हाडा में पदोन्नत इंजीनियरों का सम्मान किया गया। साथ ही, म्हाडा इंजीनियर महादेव शितोले द्वारा लिखित पुस्तक दुनिया भर में भूकंप: रूप, भ्रम और वास्तविकता का विमोचन भी संजीव जायसवाल ने किया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक भूकंप के वैज्ञानिक कारणों, उनसे जुड़ी भ्रांतियों और तथ्यों को समझने में मार्गदर्शक साबित होगी।

### उपस्थित गणमान्य व्यक्ति और मार्गदर्शन

कार्यक्रम में मुंबई भवन सुधार एवं पुनर्विकास मंडल के मुख्य अधिकारी मिलिंद शंभरकर, म्हाडा के मुख्य अभियंता मिलिंद बोरिकर, धीरज कुमार पांडिरकर, महेश कुमार जेसवानी, नानावरे और उप मुख्य अभियंता राकेश गावित उपस्थित थे। उन्होंने सभी उपस्थित इंजीनियरों को शुभकामनाएं दी

### इंजीनियर्स दिवस का आयोजन और संदेश

जायसवाल भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के अवसर पर म्हाडा इंजीनियरिंग वर्ग द्वारा आयोजित इंजीनियर्स दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की सफलता उसके अधिकारियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों पर निर्भर करती है। उन्होंने टीम वर्क को प्राथमिकता देने और म्हाडा की राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने के लिए सभी इंजीनियरों को प्रेरित किया।

# मुंबई में आयोजित महाआरोग्य शिविर में 254 लोगों ने लिया लाभ

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई। मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा मुंबई के पक्ष नेता नगरसेवक विनोद मिश्रा ने कोंकणी पाड़ा स्थित मंगेश विद्यालय में एक भव्य महाआरोग्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था।



### सैकड़ों लोगों को मिला लाभ

शिविर में मोतिया बिंदु, रेटीना जांच, दांतों की जांच, त्वचा संक्रमण और एक्स-रे जैसी स्वास्थ्य सेवाएं दी गईं। कुल 254 लोगों ने इस महाआरोग्य शिविर का लाभ उठाया। आयोजन में डॉक्टर नसरीन की टीम, जैन औषधालय के भावेश और अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

### कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी

इस अवसर पर विनोद मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगदान का उल्लेख करते हुए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। भाजपा कार्यकर्ता यदुवंश सिंह, संदीप उपाध्याय, सुशील पांडे और वार्ड 43 के अध्यक्ष लालू सोनी की टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान का आयोजन

डीबीडी संवाददाता । भुसावल

रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार भुसावल मंडल में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष अभियान की थीम 'स्वच्छोत्सव' रखी गई है। इसके तहत भुसावल मंडल ने स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विविध गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की है।

### शपथ ग्रहण कार्यक्रम

अभियान के पहले दिन 17 सितंबर को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। मंडल रेल प्रबंधक श्री पुनीत अग्रवाल ने मंडल कार्यालय में सभी शाखा अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इसी प्रकार मंडल के सभी स्टेशनों, कोचिंग डिपो, रेलवे अस्पताल, रेलवे कार्यालयों, स्कूलों और प्रशिक्षण संस्थानों में कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता का संकल्प लिया।





### श्रमदान और उद्देश्य

रेलवे कर्मचारियों ने अभियान के दौरान हर सप्ताह कम से कम 2 घंटे श्रमदान करने का संकल्प लिया है। 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान न केवल स्वच्छ भारत मिशन को गति देने वाला कदम है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और यात्रियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

### जनजागरूकता और सफाई अभियान

यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए रेलवे द्वारा बैनर, पोस्टर, उद्घोषणा प्रणाली और सोशल मीडिया माध्यमों से संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। पखवाड़े भर चलने वाले इस अभियान में प्रतिदिन स्वच्छता जनजागरूकता और श्रमदान कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके अंतर्गत स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, गाड़ियाँ, पटरियाँ, कार्यालय, शौचालय और जलस्रोतों की विशेष सफाई की जाएगी।

# इंडियन बैंक राजभाषा कीर्ति पुरस्कार से सम्मानित

## पंचम अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में हिन्दी दिवस समारोह में मिला सम्मान

डीबीडी संवाददाता । गांधीनगर

देश के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक, इंडियन बैंक को गुजरात के गांधीनगर में आयोजित पंचम अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन 2025 के दौरान हिंदी दिवस समारोह में वर्ष 2024-25 के लिए राजभाषा कीर्ति तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### समारोह में हुआ सम्मान

गांधीनगर के महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के पहले दिन आयोजित हिंदी दिवस समारोह-2025 में यह सम्मान प्रदान किया गया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने इंडियन बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय, राजभाषा विभाग के महाप्रबंधक मनोज कुमार दास को पुरस्कार प्रदान किया।





### बैंक की प्रतिबद्धता

यह सम्मान इंडियन बैंक की राजभाषा नीति के सफल क्रियान्वयन और बैंकिंग कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बैंक सदैव "ग्राहक की भाषा में ग्राहक सेवा" की भावना के साथ देशभर में सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित है।

### लगातार दूसरे वर्ष सम्मान

इंडियन बैंक को यह पुरस्कार 'राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन' करने के लिए लगातार दूसरे वर्ष मिला है। यह उपलब्धि बैंक की हिंदी भाषा के प्रति गंभीरता और कार्यसंस्कृति में इसके प्रभावी उपयोग को दर्शाती है।

# 12 राशिफल में देखें अपना दिन





**मेष** नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। अचानक लाभ के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार में वृद्धि से संतुष्टि रहेगी। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। उत्साह से काम कर पाएंगे। किसी की बातों में न आएं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृष** निवेश करने का समय नहीं है। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है, धैर्य रखें। परिवार की आवश्यकताओं के लिए भागदौड़ तथा व्यय की अधिकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। कार्य की गति धीमी रहेगी।

**मिथुन** सुख के साधनों पर व्यय सोच-समझकर करें। निवेश करने से बचें। व्यापार ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शारीरिक कष्ट संभव है। व्यवसाय धीमा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की नाराजी झेलनी पड़ सकती है।

**कर्क** यात्रा लाभदायक रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। वस्तुएं संभालकर रखें। कोई राजकीय बाधा हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें। विवाद से बचें। काफी समय से अटका हुआ पैसा मिलने का योग है, प्रयास करें।

**सिंह** थोड़े प्रयास से ही काम सफल रहेंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी अपरिचित की बातों में न आएं। धनहानि हो सकती है।

**कन्या** परिवार व मित्रों के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। शारीरिक कष्ट संभव है, सावधान रहें। निवेश शुभ रहेगा। तीर्थयात्रा की योजना बन सकती है। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा।

**तुला** भागदौड़ रहेगी। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। पुराना रोग उभर सकता है। व्यापार में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। जोखिम न उठाएं। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। बजट बिगड़ेगा। दूर से शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें।

**वृश्चिक** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा। संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। हानि संभव है।

**धनु** जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा। मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा। नए संपर्क बन सकते हैं। धनार्जन होगा।

**मकर** आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के योग हैं। परिवार व स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। शत्रुता में वृद्धि होगी। अज्ञात भय रहेगा। थकान महसूस होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।

**कुंभ** नई योजना बनेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं। भरपूर प्रयास करें। आय में मनोनुकूल वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। यात्रा सफल रहेगी।

**मीन** प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। कार्य पर ध्यान दें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

# 9 ग्रहों के लिए 9 भोजन – सही आहार से बनें ग्रहों के प्रिय

भारतीय ज्योतिष में नौ ग्रहों को मनुष्य के जीवन का नियंता माना गया है। कहा जाता है कि जन्मपत्री में ग्रह जिस स्थिति में बैठते हैं, उसी के अनुसार मनुष्य को सुख-दुख, लाभ-हानि, उन्नति और अवरोध प्राप्त होते हैं। ज्योतिषाचार्यों का मानना है कि ग्रहों की शांति और उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए केवल पूजा-पाठ या मंत्र-जप ही नहीं, बल्कि भोजन का भी विशेष महत्व है। अन्न को देवता का रूप कहा गया है। यही कारण है कि अन्न ही अमृत है और अन्न ही विष की मान्यता प्रचलित है। उचित दिन और उचित भोजन ग्रहों की कृपा को आकर्षित करता है और जीवन के कष्टों को दूर करता है।

आइए जानते हैं कि कौन-सा भोजन किस ग्रह को प्रसन्न करता है और कब इसे ग्रहण करने से हमें शुभ फल प्राप्त होते हैं—

**सूर्य ग्रह :** सूर्य आत्मबल और नेतृत्व का कारक है। सूर्य की अनुकूलता के लिए आहार में गेहूं, गुड़ और आम को शामिल करना चाहिए। रविवार के दिन इनका सेवन विशेष रूप से फलदायी माना गया है।







प्रियंका जैन
9769994439

**चन्द्र ग्रह :** चन्द्र मन और भावनाओं का स्वामी है। इसके प्रभाव से मन की शांति और प्रसन्नता तय होती है। चन्द्र को प्रसन्न करने के लिए दूध, गन्ना, शकर, आइसक्रीम और मिठाइयों का सेवन करना चाहिए। सोमवार को खीर या दूध ग्रहण करना विशेष शुभ माना गया है।

**मंगल ग्रह :** मंगल ऊर्जा, साहस और पराक्रम का प्रतीक है। यदि यह अशुभ हो तो जीवन में क्रोध और संघर्ष बढ़ा देता है। मंगल को शांत करने के लिए मसूर की दाल, अनार, जौ, शहद और गुड़ का सेवन लाभकारी है। मंगलवार के दिन चूरमा या हलवा खाने से मंगल प्रसन्न होता है।

**बुध ग्रह :** बुध बुद्धि और व्यापार का कारक है। बुध को प्रसन्न करने के लिए हरी दालें, मूंग, मटर, हरी सब्जियां और ज्वार का प्रयोग करें। बुधवार को हरी सब्जी खाना बुध के दोष को दूर करता है और व्यापार में वृद्धि करता है।

**गुरु ग्रह :** बृहस्पति या गुरु ज्ञान, धन और संतान सुख का कारक है। अशुभ गुरु शिक्षा और उन्नति में बाधा डालता है। इसके लिए भोजन में चना, बेसन, मक्का, केला, हल्दी, पीली दालें और सेंधा नमक का प्रयोग करना चाहिए। गुरुवार को चना दाल या बेसन से बने व्यंजन खाने से गुरु प्रसन्न होता है।

**शुक्र ग्रह :** शुक्र वैभव, प्रेम और दांपत्य जीवन का स्वामी है। इसकी कृपा से जीवन में सुख-संपन्नता आती है। शुक्र को अनुकूल करने के लिए त्रिफला, दालचीनी, कमलगट्टा, मिश्री, मूली और सफेद शलजम का सेवन करें। शुक्रवार को मीठा दही खाने से शुक्र ग्रह का प्रभाव शुभ बनता है।

**शनि ग्रह :** शनि कर्म और न्याय का ग्रह है। अशुभ शनि जीवन में कष्ट और विलंब लाता है। शनि को शांत करने के लिए भोजन में तिल, उड़द, कालीमिर्च, लौंग, मूंगफली का तेल और काला नमक शामिल करें। शनिवार को उड़द का सेवन करना शनि की पीड़ा को कम करता है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### 27 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में बीएमडब्ल्यू हादसे की मुख्य आरोपी गगनप्रीत कौर

**नई दिल्ली:** दिल्ली बीएमडब्ल्यू हादसे की मुख्य आरोपी गगनप्रीत कौर को अदालत ने बड़ा झटका दिया है। अदालत ने गगनप्रीत को 27 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। हादसे में वित्त मंत्रालय के अधिकारी नवजात सिंह की मौत हो गई थी, जबकि उनकी पत्नी संदीप कौर गंभीर रूप से घायल हैं। यह दर्दनाक घटना रविवार को दिल्ली के धौला कुआं इलाके में हुई। नवजोत सिंह अपनी बाइक से जा रहे थे तभी उनकी बाइक गगनप्रीत की बीएमडब्ल्यू कार की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गगनप्रीत पर न सिर्फ हादसा कराने का आरोप है, बल्कि यह भी कहा जा रहा है कि उन्होंने घायलों को तुरंत पास के बड़े अस्पताल में न ले जाकर 19 किलोमीटर दूर एक छोटे अस्पताल में पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने नवजोत सिंह को मृत घोषित कर दिया।

### ज्ञापन देने आए राजभर के कार्यकर्ता को महिला कांस्टेबल ने पीटा

**गाजीपुर:** यूपी के गाजीपुर में बुधवार को पुलिस अधीक्षक के ज्ञापन देने पहुंचे ओपी राजभर के सिपाही यानी सुभासपा कार्यकर्ता को वहां तैनात एक महिला कांस्टेबल ने पीट दिया। एक तरफ सुभासपा जिलाध्यक्ष समेत तमाम पदाधिकारी एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के खिलाफ गुस्से का इजहार कर रहे थे तो दूसरी तरफ महिला कांस्टेबल का गुस्सा सुभासपा कार्यकर्ता पर उतरने लगा। महिला कांस्टेबल ने सभी के सामने कई थप्पड़ सुभासपा कार्यकर्ता को जड़ दिए। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो में महिला कांस्टेबल सुभासपा कार्यकर्ता को डांटते हुए यह कह रही है कि कैसे हाथ लगाया। अचानक हुई घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई। पुलिस और सुभासपा के नेताओं ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामले को शांत किया।

### भोजपुर में सीएसपी लूटकांड का खुलासा, पिस्तौल समेत दो बदमाश गिरफ्तार

**भोजपुर:** भोजपुर पुलिस ने आयर थाना क्षेत्र में घटित सीएसपी संचालक से लूटकांड का सफल उद्भेदन करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक देसी कट्टा, दो कारतूस और लूट ए आधार कार्ड बरामद किए गए हैं। बुधवार को पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आयर थानाध्यक्ष व पुलिस टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान सीएसपी लूटकांड में शामिल दो सदस्यों को दबोच लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान आशीष कुमार, ग्राम दुल्हिनगंज थाना जगदीशपुर और अक्षय कुमार ग्राम दुल्हिनगंज थाना जगदीशपुर जिला भोजपुर के रूप में हुई है।

### शौकत अली के खिलाफ केस दर्ज

**आजमगढ़:** एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के खिलाफ अहरौला थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि उन्होंने अपने एक बयान में महाराजा सुहेलदेव को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की थी। जानकारी के अनुसार माहुल नगर पंचायत निवासी और एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने अपने एक बयान में महाराजा सुहेलदेव को आक्रांता और लूटेरा बताया था। इस बयान के विरोध में विभिन्न राजनीतिक संगठनों के कार्यकर्ता खुलकर सामने आ गए। निजामपुर गांव निवासी व माहुल से भाजपा नेता प्रमोद राजभर ने मंगलवार को इस मामले में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी थी।

# एवीएम पर होंगे उम्मीदवारों के कलर फोटो

एजेंसी | पटना

अब ईवीएम पर प्रत्याशियों के नाम और चुनाव चिह्न के साथ उनकी रंगीन फोटो भी छपी होगी। चुनाव आयोग ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव से इस नई व्यवस्था की शुरुआत की जाएगी। आयोग का मानना है कि इससे मतदाता अपने उम्मीदवार की पहचान आसानी से कर सकेंगे।




### तस्वीर होगी तीन-चौथाई हिस्से में

निर्वाचन आयोग के अनुसार, ईवीएम बैलेट पेपर पर छपने वाली तस्वीर उम्मीदवार के स्पेस का तीन-चौथाई हिस्सा घेरेगी। इससे उनका चेहरा स्पष्ट दिखाई देगा। साथ ही नाम और नोटा (NOTA) को एक ही फॉन्ट और साइज (30) में मोटे अक्षरों में छापा जाएगा ताकि पढ़ने में आसानी हो। बिहार विधानसभा चुनाव में ईवीएम बैलेट पेपर के लिए गुलाबी रंग के 70 जीएसएम वाले विशेष पेपर का इस्तेमाल किया जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया कि बैलेट पेपर का मानक वजन और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि किसी तरह की गड़बड़ी न हो। बिहार से शुरुआत के बाद देश के बाकी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भी यही व्यवस्था लागू होगी।

### हमनाम उम्मीदवारों की समस्या का हल

कई बार चुनावों में एक ही नाम वाले कई उम्मीदवार मैदान में उतर जाते हैं, जिससे मतदाताओं में भ्रम की स्थिति बन जाती है। इस कारण कई वोट गलत प्रत्याशी को चले जाते हैं। रंगीन फोटो के जुड़ने से वोटर अब नाम और चुनाव चिह्न के साथ-साथ उम्मीदवार के चेहरे को देखकर सही पहचान कर पाएंगे।

### अक्टूबर में चुनावी तारीखों का ऐलान संभव


चुनाव आयोग की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 30 सितंबर तक वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन होगा। इसके बाद कभी भी चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जा सकता है। बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव होंगे और सभी सीटों के लिए तैयारी पूरी की जा रही है।

# पीएम मोदी की मां से जुड़े एआई वीडियो कांग्रेस हटाए: कोर्ट

एजेंसी | पटना

पटना हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां पर बनाए गए आर्टिफिशियल जेनरेटेड (एआई) वीडियो को हटाने का निर्देश दिया है। अदालत ने इस मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। यह आदेश कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश जस्टिस पीबी बजंथ्री और जस्टिस आलोक कुमार सिन्हा की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान दिया।

### अदालत ने जताई कड़ी नाराजगी



हाईकोर्ट ने कहा कि इस तरह के वीडियो बनाना सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। अदालत ने टिप्पणी की कि वीडियो में गलत तथ्यों को प्रस्तुत किया गया और पीएम मोदी की मां के नाम से काल्पनिक बातें कराई गईं। इसमें नोटबंदी, चुनावी धांधली और बिहार चुनाव को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए थे। यह मामला विवेकानंद सिंह की ओर से दायर जनहित याचिका के जरिए अदालत तक पहुंचा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल से इस वीडियो को प्रचारित किया गया, जिससे जनभावनाओं को ठेस पहुंची और कानून व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। अदालत ने इस मामले को गंभीर मानते हुए तत्काल संज्ञान लिया।

### कांग्रेस और बीजेपी में जुबानी जंग

वीडियो वायरल होने के बाद से ही कांग्रेस और बीजेपी आमने-सामने हैं। कांग्रेस ने इसे राजनीतिक अभिव्यक्ति बताते हुए बचाव किया, जबकि बीजेपी ने इसे घृणित और सभी सीमाएं पार करने वाला करार दिया।

### सोशल मीडिया से शेयर हुआ था वीडियो

कुछ दिनों पहले कांग्रेस के आधिकारिक सोशल मीडिया पेज पर यह एआई वीडियो शेयर किया गया था। इसमें पीएम मोदी और उनकी मां को सपने में काल्पनिक बातचीत करते हुए दिखाया गया। वीडियो सामने आने के बाद बीजेपी ने इसे प्रधानमंत्री की मां का अपमान बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया था।

# नीतीश ने 16 लाख मजदूरों के खातों में भेजे 802 करोड़

एजेंसी | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को 16 लाख से ज्यादा निर्माण श्रमिकों के खातों में 802 करोड़ रुपए की राशि भेजी। यह सहायता 'वार्षिक वस्त्र सहायता योजना' के तहत दी गई। प्रत्येक निबंधित श्रमिक को 5-5 हजार रुपए की आर्थिक मदद मिली। कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री आवास, 1 अणे मार्ग से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया गया।

### निबंधन अभियान चलाने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने श्रम संसाधन विभाग को निर्देश दिया कि अभियान चलाकर जो भी श्रमिक निबंधन से वंचित हैं, उन्हें इस योजना से जोड़ा जाए। इसके लिए बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार नियमावली, 2016 के प्रावधानों के तहत सभी योग्य श्रमिकों को लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

### 16 लाख श्रमिकों को मिला फायदा



बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत 16,04,929 निबंधित श्रमिक इस योजना से जुड़े हैं। पहले इस योजना में हर साल 2500 रुपए मिलते थे, जिसे बढ़ाकर 5 हजार रुपए कर दिया गया है। सरकार का मानना है कि इससे श्रमिक परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यक्रम के दौरान नीतीश कुमार ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान के लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

### 'मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना' का शुभारंभ

इसी अवसर पर नीतीश कुमार ने 'मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना' का वेब पोर्टल भी लॉन्च किया। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसरों के अनुरूप तैयार करना और उन्हें इंटर्नशिप के जरिए व्यावहारिक अनुभव दिलाना है।

# रेल ट्रैक पर स्लीपर रखकर नौचंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश

एजेंसी | प्रयागराज

प्रयागराज से सहारनपुर जा रही नौचंदी एक्सप्रेस के साथ मंगलवार रात बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ऊंचाहार के अरखा और प्रतापगढ़ के परियावां स्टेशन के बीच किसी ने रेल ट्रैक पर स्लीपर रख दिया था। ट्रेन का इंजन उससे टकराया, लेकिन स्लीपर टूटकर बिखर गया और बड़ा हादसा टल गया।



### लोको पायलट की सूझबूझ से बची जानें

तेज आवाज सुनते ही लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। ट्रेन करीब बीस मिनट तक ट्रैक पर खड़ी रही। इस दौरान लोको पायलट ने घटना की सूचना कंट्रोल रूम और ऊंचाहार स्टेशन को दी। घटना की जानकारी मिलते ही ऊंचाहार जीआरपी, आरपीएफ और प्रतापगढ़ की नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पाया गया कि किसी ने जानबूझकर ट्रेन को पलटाने के इरादे से ट्रैक पर स्लीपर रखा था।

# पुलिस से हुई मुठभेड़ में पशु तस्कर गिरफ्तार

**गोरखपुर।** पिपराइच इलाके के जंगल धूसड़ में नीट छात्र की हत्या के मामले में बुधवार को पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। पिपराइच पुलिस और कुशीनगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में ये पशु तस्कर पकड़े गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रहीम, छोटू और राजू के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, छोटू और राजू की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी थी। इसी बीच सूचना मिली कि हत्यारोपी रहीम भागने के फिराक में है। कुशीनगर और गोरखपुर की पिपराइच थाने की पुलिस ने आरोपी की घेराबंदी की। खुद को घिरा देखकर आरोपी ने पुलिस की टीम पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। इसी बीच खुद को बचाते हुए जवाबी फायरिंग में आरोपी रहीम के पैर में गोली लग गई और घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस टीम ने पास जाकर देखा तो रहीम घायल पड़ा हुआ था।

# मलेरिया समेत कई मर्जों की हाथों-हाथ होगी जांच

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी डिवाइस तैयार की है जिसकी मदद से रक्त, मूत्र, पसीने और लार से की जाने वाली मलेरिया जैसे विभिन्न रोगों की जांच तत्काल की जा सकेगी। पोर्टेबल डिवाइस होने की वजह से गांव या सुदूर क्षेत्र में भी मौके पर ही जांच की जा सकेगी और तत्काल रिपोर्ट भी प्राप्त हो जाएगी। इस डिवाइस की मदद से मिट्टी में प्रदूषण या पेय पदार्थों में गड़बड़ी की जांच भी की जा सकती है। करीब ढाई हजार रुपए में तैयार होने वाली डिवाइस से की जाने वाली जांच भी बेहद सस्ती है। जांच के लिए कागज से बनी चिप का प्रयोग डिवाइस में किया जाता है।

## व्यापार जगत

# वैश्विक झटकों के बावजूद मजबूत बना रहेगा भारत

एजेंसी | नई दिल्ली

वैश्विक आर्थिक झटकों के असर से भारत की विकास दर पर अल्पकालिक दबाव दिख रहा है, लेकिन देश की दीर्घकालिक वृद्धि की कहानी बरकरार है। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया रिसर्च की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।



### भारत ने विकसित देशों से बेहतर प्रदर्शन किया

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने बुनियादी ढांचे के विकास और प्रक्रियाओं में सुधार के माध्यम से अपनी स्थिति मजबूत की है। इससे विकसित देशों की तुलना में भारत ने बेहतर प्रदर्शन किया है। वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच, भारत की वृद्धि मजबूत है और यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी हुई है।

### भारत की वैश्विक व्यापार में अधिक भागीदारी

इसमें कहा गया है कि भारत वैश्विक व्यापार में अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा, जिससे आर्थिक वृद्धि, पूंजी आकर्षण और रोजगार सृजन के अवसर बढ़ेंगे। हालांकि, इसके लिए केंद्र, राज्य और नौकरशाही स्तर पर सुधार जरूरी बताए गए हैं, ताकि एक अधिक संगठित प्रणाली तैयार हो सके। निजी क्रेडिट उद्योग को लेकर भी सकारात्मक अनुमान जताया गया है। इसमें कहा गया है कि पारंपरिक बैंकों द्वारा छोड़े गए फाइनेंसिंग गैप के कारण प्राइवेट क्रेडिट सेक्टर मजबूत विस्तार की ओर बढ़ रहा है।

# हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

एजेंसी | नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अमेरिकी टीम के साथ बातचीत की खबरों के बीच लगातार दूसरे दिन हरे निशान पर बंद हुए। उत्साहित निवेशकों ने आईटी, बैंकिंग और ऑटो शेयरों में मजबूत खरीदारी की।



### फेड की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच बाजार में तेजी

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 313.02 अंक या 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,693.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 361.26 अंक या 0.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,741.95 अंक तक पहुंचने में सफल रहा।

### सेंसेक्स के प्रमुख शेयरों का कैसा रहा हाल?

सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, ट्रेंट और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं, बजाज फिनसर्व, टाइटन, आईटीसी और टाटा स्टील के शेयरों में नरमी आई। वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर दौरे पर आए अमेरिकी दल के साथ दिन भर सकारात्मक चर्चा हुई। दोनों पक्ष समझौते को शीघ्र और पारस्परिक रूप से लाभकारी बनाने के लिए प्रयास करने पर सहमत हुए। अमेरिकी अधिकारियों के साथ एक दिवसीय बैठक के बाद मंत्रालय ने कहा, रपारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने के लिए प्रयास तेज करने का निर्णय लिया गया।

# छह फिसदी बढ़ेगा भारत का निर्यात

एजेंसी | नई दिल्ली

इस वर्ष भारत का निर्यात छह प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को यह विश्वास जताया है। चुनौतियों के बावजूद वैश्विक व्यापार में देश के मजबूत प्रदर्शन को रेखांकित करते हुए मंत्री ने कहा कि कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर चर्चा आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती ताकत और यह तथ्य कि हम अमृतकाल में चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था से 30 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि भारत व्यापार करने के लिए एक उपयुक्त स्थान है। दुनिया भारत के साथ मिलकर काम करना चाहेगी। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की घरेलू गति और बाहरी गतिविधियां एक-दूसरे को मजबूत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमने हाल



ही में 5.1 प्रतिशत के न्यूनतम बेरोजगारी आंकड़े जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि यह कहना बहुत आकर्षक लग सकता है कि बेरोजगारी है। हालांकि, जब मैं लार्सन एंड टुब्रो से मिला, तो उन्होंने मुझे बताया कि वे समय पर परियोजनाएं पूरी नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उन्हें पर्याप्त श्रमिक नहीं मिल रहे हैं। दरअसल, एलएंडटी की आईटी कंपनी भी लोगों की तलाश कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और जीएसटी 2.0 से अपेक्षित बुनियादी ढांचे पर जोर और उपभोक्ता मांग से निवेश, रोजगार सृजन और व्यापार एवं उद्योग के विस्तार को बढ़ावा मिलेगा।

# लो-ग्रेड आयरन अयस्क पर निर्यात शुल्क से खनन उद्योग को झटका

**नई दिल्ली।** खनन उद्योग से जुड़े संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन मिनरल इंडस्ट्रीज (एफआईएमआई) ने चेतावनी दी है कि अगर निम्न-ग्रेड आयरन अयस्क (58% से कम आयरन वाली अयस्क) पर 30% तक निर्यात शुल्क लगाया गया, तो कर्नाटक, गोवा और ओडिशा जैसे खनिज-समृद्ध राज्यों को 16000 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान होगा। इसके अलावा, खनन उद्योग आर्थिक रूप से अस्थिर हो जाएगा और लगभग पांच लाख लोगों की आजीविका पर संकट आ सकता है। वर्तमान में इस श्रेणी के आयरन अयस्क पर कोई निर्यात शुल्क नहीं है। लेकिन सरकार इसे बढ़ाकर 20 से 30 प्रतिशत तक करने पर विचार कर रही है। सरकार का उद्देश्य घरेलू बाजार में आयरन अयस्क की आपूर्ति बढ़ाना है। एफआईएमआई ने कहा कि यह कदम न सिर्फ खनन उद्योग पर गंभीर असर डालेगा, बल्कि इससे जुड़ी स्टील इंडस्ट्री पर भी दबाव बढ़ेगा। संगठन ने इस मुद्दे को कर्नाटक में लागू अधिकतम वार्षिक उत्पादन सीमा (एमपीएपी) से भी जोड़ा।

# अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स का आईपीओ प्राइस बैंड 718-754 रुपए तय

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करने वालों के लिए अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स का आईपीओ एक नया चांस लेकर आ रहा है। इस इश्यू का प्राइस बैंड कंपनी ने 718 से 754 रुपए प्रति शेयर तय किया है। जबकि हर शेयर का फेस वैल्यू 2 रुपए है। सब्सक्रिप्शन 22 सितंबर से होगा और 24 सितंबर तक खुला रहेगा। एंकर निवेशकों के लिए, अलॉटमेंट 19 सितंबर को होगा। IPO का अलॉटमेंट



25 सितंबर को फाइनल किया जाएगा। अगले दिन यानी 26 सितंबर को रिफंड और डिमैट खाते में शेयर ट्रांसफर किए जाएंगे। शेयरों की लिस्टिंग 29 सितंबर को BSE और NSE पर होगी। IPO में लॉट साइज 19 शेयर का है। उसके बाद इसी के मल्टीपल में खरीदा जा सकेगा। फ्लोर प्राइस और कैप प्राइस फेस वैल्यू से 359 और 377 गुना है। अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स अपने कर्मचारियों को 70 रुपए प्रति शेयर डिस्काउंट दे रही है। आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए 50%, नॉन इंस्टीट्यूशनल इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (NII) के लिए 15% और रिटेल निवेशकों के लिए 35% हिस्सा रखा गया है।

# आईटी विभाग ने मैरिको समूह के खिलाफ सर्वेक्षण अभियान चलाया

एजेंसी | नई दिल्ली

आयकर विभाग ने बुधवार को कर चोरी के आरोप में मैरिको समूह के विभिन्न व्यावसायिक परिसरों पर सर्वेक्षण अभियान चलाया। यह कार्रवाई विभाग की मुंबई जांच शाखा की ओर से की जा रही है। आईटी विभाग ने बताया कि कर विभाग की टीमें कर चोरी की जांच के तहत कंपनी के वित्तीय दस्तावेजों और लेनदेन की जांच कर रही हैं। आईटी कार्रवाई पर टिप्पणी के लिए कंपनी से तत्काल संपर्क नहीं किया जा सका। मैरिको भारत की अग्रणी उपभोक्ता वस्तु कंपनियों में से एक है जो वैश्विक सौंदर्य और स्वास्थ्य श्रेणियों में काम करती है। कंपनी के एक बयान के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान भारत और एशिया व अफ्रीका के चुनिंदा बाजारों में बेचे गए अपने उत्पादों के जरिए उसने 1.3 बिलियन डॉलर का कारोबार हासिल किया।

## चंद्रपॉल और अथानाजे की विंडीज टेस्ट टीम में वापसी



**नई दिल्ली।** तेगनारायण चंद्रपॉल और एलिक अथानाजे की भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टीम में वापसी हुई है। पूर्व कप्तान क्रेग ब्रैथवेट को मंगलवार को घोषित 15 सदस्यीय टीम से बाहर कर दिया गया है। पहला टेस्ट अहमदाबाद में दो से छह अक्तूबर और दूसरा 10 से 14 अक्तूबर को नई दिल्ली में खेला जाएगा। यह वेस्टइंडीज का मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र का पहला विदेशी दौरा होगा।

**टीम :** रोस्टन चेज (कप्तान), जोमेल वारिकन, केवलन एंडरसन, एलिक अथानाजे, जॉन कैंपबेल, तेगनारायण चंद्रपॉल, जस्टिन ग्रीव्स, शाई होप, टेविन इमलाच, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एंडरसन फिलिप, खैरी पियरे, जेडन सील्स।

# अफगानिस्तान और श्रीलंका की नजरें सुपर 4 पर

एजेंसी । अबु धाबी

अफगानिस्तान की टीम गुरुवार को एशिया कप के 'करो या मरो के ग्रुप मुकाबले में श्रीलंका का सामना करेगी। इसमें उसे सुपर 4 में पहुंचने के लिए हर हाल में जीत के साथ ही रन रेट पर भी निर्भर रहना होगा। दूसरी ओर लगातार दो मैच जीत चुकी श्रीलंका के लिए सिर्फ जीत है काफी होगी, पर हार की स्थिति में रन रेट से फैसला होगा।

### रन रेट अहम

बांग्लादेश से हारने के बाद अफगानिस्तान को सुपर चार के लिए श्रीलंका को हर हाल में हराना होगा। इसमें जीतने पर उसके श्रीलंका और बांग्लादेश के समान चार अंक होंगे लेकिन उसका रन रेट (2.150) बांग्लादेश (माइनस 0.270) से बेहतर है जिसके सारे लीग मैच हो चुके हैं। टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद राशिद खान की कप्तानी वाली टीम से काफी उम्मीदें हैं लेकिन एशिया कप में अभी तक वह अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकी है। मंगलवार को बांग्लादेश के खिलाफ अफगानिस्तान को 155 रन का लक्ष्य हासिल करना था लेकिन वह नाकाम रही। राशिद ने मैच के बाद कहा, हम उस तरह का आक्रामक क्रिकेट नहीं खेल पाए हैं जिसके लिए हम मशहूर हैं। हमने खुद पर काफी दबाव बनने दिया। हमारे गेंदबाजों ने उन्हें 160 रन के नीचे रोक दिया लेकिन बल्लेबाजों ने गैर जिम्मेदाराना शॉट खेले। टी-20 में कई बार पहले छह ओवर में ही मैच हाथ से निकल जाता है लेकिन आपको वापसी करनी होती

**08** टी-20 मैच दोनों टीमों ने अब तक आपस में खेले हैं

**05** मुकाबले श्रीलंका ने जबकि तीन अफगान टीम ने



### पथुम शीर्ष बल्लेबाज

दूसरी ओर, अपने दोनों मैच जीत चुकी श्रीलंकाई टीम भी बेहतर बल्लेबाजी करना चाहेगी। श्रीलंका के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज पथुम निसंका, कुसाल मेंडिस और कामिल मिशारा भी अच्छे फॉर्म में हैं। पथुम ने टूर्नामेंट में अब तक दो मैच में दो अर्धशतक समेत 118 रन बनाए हैं और सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शीर्ष पर हैं। दूसरी ओर अफगान बल्लेबाजों अजमतुल्लाह उमरजई और सदिकुल्लाह अटल एक-एक अर्धशतक लगा चुके हैं। फिर अफगान टीम पलटवार करने में भी माहिर है इसलिए श्रीलंका को सावधान रहना होगा। कप्तान चरित असलांका ने स्वीकार किया कि उन्हें हार से चोटिल अफगानिस्तान के खिलाफ अधिक पेशेवर

### टीम इस प्रकार

**श्रीलंका :** पथुम निसांका, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), कामिल मिशारा, कुसल परेरा, चरित असलंका (कप्तान), कमिंदु मेंडिस, दासुन शनाका, वनिंदु हसरंगा, दुष्मंथा चमीरा, मथीसा पथिरानाऔर नुवान तुषारा।

**अफगानिस्तान :** रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, गुलाबदीन नायब, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, करीम जन्नत, राशिद खान (कप्तान), नूर अहमद, अल्लाह गजनफर, और फजलहक फारूकी।

## न्यूजीलैंड की टीम में जैमिसन और सीयर्स की वापसी



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए काइल जैमिसन और बेन सीयर्स को फिर टीम में शामिल किया है। जैमिसन पहले बच्चे के जन्म की वजह से तथा सीयर्स चोट के कारण मैदान से बाहर थे। नियमित कप्तान मिचेल सेंटनर की अनुपस्थिति में माइकल ब्रेसवेल तीन मैचों की सीरीज में टीम की कमान संभालेंगे। ब्रेसवेल ने 10 टी-20 मैचों में न्यूजीलैंड का नेतृत्व किया है। दोनों टीमें एक अक्तूबर से सीरीज की शुरुआत करेंगी, जिसके तीनों मैच बे ओवल में खेले जाएंगे।

**न्यूजीलैंड टीम**

माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, जैक फॉल्क्स, मैट हेनरी, बेवोन जैकब्स, काइल जैमिसन, डेरिल मिचेल, रचिन रवींद्र, टिम रॉबन्सिन, बेन सीयर्स, टिम सीफर्ट और ईश सोढी।

# पाक अपनी ही फिरकी में फंसा

▶▶ टूर्नामेंट से हटा पाकिस्तान तो उठाना पड़ सकता है 141 करोड़ रुपये का नुकसान, टीम की छवि भी होगी खराब



एजेंसी । दुबई

एशिया कप में 'हैंडशेक विवाद को नाक का सवाल बना चुका पाकिस्तान अपनी ही फिरकी में बुरी तरह से फंस गया है। मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को टूर्नामेंट से हटने की उसकी मांग भारत के जय शाह की अध्यक्षता वाली आईसीसी ने सिरे खारिज कर दी है। वहीं अगर वह टूर्नामेंट से हटता तो उसे 141 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है जो उसकी सलाना आय का सात प्रतिशत है। साथ ही उसकी छवि भी खराब होगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या पाक टीम टूर्नामेंट में खेलना जारी रखेगी या नहीं। पाइक्रॉफ्ट को न हटाने पर उसने टूर्नामेंट से हटने की धमकी दी थी। ऐसे में अगर पाकिस्तान बीच में ही टूर्नामेंट को छोड़ देता है तो उसे बड़ा वित्तीय नुकसान उठाना होगा। इसके अलावा पाक एसीसी बोर्ड रूम में अकेला पड़ सकता है। बिना मैच खेले 15 प्रतिशत वार्षिक हिस्सा पाने पर अन्य सदस्य आपत्ति जता सकते हैं।

### हटाना पड़ सकता है महंगा

टेस्ट खेलने वाले पांच देश भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान को एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के सालाना राजस्व का 15-15 प्रतिशत मिलता है। शेष 25 प्रतिशत एसोसिएट देशों में बांटा जाता है। अकेले एशिया कप से पीसीबी को करीब 106 से 141 करोड़ रुपये (12 से 16 मिलियन डॉलर) मिलने हैं। ऐसे में टूर्नामेंट से हटने का फैसला पीसीबी के लिए महंगा साबित हो सकता है। एसीसी का ब्रॉडकास्टर सोनी पिक्चर नेटवर्क इंडिया (एसपीएनआई) के साथ आठ साल (2024-2031) के लिए करीब 1497 करोड़ रुपये (170 मिलियन डॉलर) का करार है। इसमें महिला और अंडर-19 पुरुष एशिया कप के मुकाबले भी शामिल हैं। समझा जाता है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) एक सम्मानजनक समाधान निकालने की कोशिश कर रहा है। इसके तहत वह चाहता है कि जिम्बाब्वे के पाइक्रॉफ्ट उनके मैचों में मैच रेफरी की भूमिका नहीं निभाएं।

## ...तो फिर कोशिश नहीं करती : पूजा रानी

**नई दिल्ली।** अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने सोच लिया था कि अगर विश्व मुक्केबाजी में चौथी बार भी वह पदक नहीं जीत सकीं तो दोबारा कोशिश नहीं करेंगी। लेकिन भिवानी की 34 वर्षीय इस मुक्केबाज ने लिवरपूल में 80 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता। टोक्यो ओलंपिक खेल चुकीं पूजा ने कहा, इस बार भी मैंने खुद से कहा था कि अगर नहीं जीती तो दोबारा नहीं खेलूंगी। मैं हमेशा शत-प्रतिशत देती हूं, लिहाजा हारने पर दिल टूट जाता है। मैंने चार-पांच महीने से कड़ा अभ्यास किया था और मुझे खुशी है कि मेहनत रंग लाई। उन्होंने कहा, मैंने पहली बार पदक जीता, यह खास है। पूजा ने पिछला एक साल 75 किलो से 80 किलो में जाने पर लगाया। अब उनकी नजरें 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक चक्र पर हैं। उन्होंने कहा, मैं सोच रही हूं कि अब 70 किलोवर्ग में चली जाऊं।

# चक्रवर्ती पहली बार बने दुनिया के नंबर एक गेंदबाज



### टी-20 रैंकिंग

एजेंसी । दुबई

भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। वह पहली बार आईसीसी टी-20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज हैं। चक्रवर्ती से पहले भारत के जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में शिखर पर पहुंच चुके हैं। आईसीसी ने बुधवार को बयान में कहा, भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को 2025 में लगातार अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है और वह 733 रेटिंग अंक आईसीसी पुरुष टी-20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज हो गए हैं।


### डफी को पछाड़ा

34 साल के चक्रवर्ती पिछले एक साल से लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए भारत के प्रमुख टी-20 गेंदबाज बने हुए हैं। इसके दम पर उन्होंने न्यूजीलैंड के जैकब डफी को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले वह फरवरी 2025 में दूसरे स्थान पर पहुंचे थे। उन्होंने एशिया कप में यूएई के खिलाफ चार रन देकर एक और पाकिस्तान के खिलाफ 24 रन देकर एक विकेट लिया।

### चार साल पहले पदार्पण

30 साल की उम्र में 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले वरुण शुरुआती छह मैच में दो विकेट ले सके थे और टीम से बाहर हो गए। उसके बाद उन्होंने कड़ी मेहनत की और 2024 अक्तूबर में बांग्लादेश के खिलाफ 31 रन पर तीन विकेट लेकर शानदार वापसी की। उसके बाद से वह लगातार टी-20 टीम में बने हुए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव 16 पायदान की छलांग लगाकर 23वें स्थान पर जबकि स्पिन हरफनमौला अक्षर पटेल एक पायदान ऊपर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बुमराह चार पायदान चढ़कर 40वें स्थान हैं। हरफनमौलाओं में हार्दिक पांड्या शीर्ष पर है जबकि अभिषेक शर्मा चार स्थान चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए। बल्लेबाजी रैंकिंग में अभिषेक शीर्ष पर बने हुए हैं जिन्होंने करियर के सर्वोच्च 884 रेटिंग अंक हासिल कर लिए। इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे और जोस बटलर तीसरे स्थान पर हैं।

## बॉ ली वु ड



# 'जॉली LLB 3' के पक्ष में आया फैसला



पिछले काफी समय से अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म 'जॉली LLB 3' की खूब चर्चा हो रही है। जहां एक ओर सिनेप्रेमी फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बीते दिनों बॉम्बे हाई कोर्ट में इसकी रिलीज रोकने के लिए याचिका दायर की गई थी। अब अदालत ने 'जॉली LLB 3' के निर्माताओं के पक्ष में फैसाला सुनाया है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने फिल्म के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया है।

### हम पर इसका कोई असर नहीं होता- अदालत

याचिका में आरोप लगाया गया था कि फिल्म में जजों और वकीलों का मजाक उड़ाया जा रहा है, जिससे न्याय व्यवस्था की गरिमा को ठेस पहुंचेगी। याचिकाकर्ता का कहना था कि फिल्म के ट्रेलर से ऐसा प्रतीत होता है कि इसमें कोर्ट रूम प्रक्रियाओं को हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाया गया है। अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा, हम शुरुआत से ही ऐसे मजाक का सामना करते आए हैं, इसलिए चिंता मत कीजिए, हम पर इसका कोई असर नहीं होता।

### कब रिलीज होगी यह फिल्म?

इससे पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें दावा किया गया था कि फिल्म का गाना 'भाई वकील है' न्यायपालिका और कानूनी पेशे का अपमान करता है। हालांकि, अदालत ने इस याचिका को भी खारिज कर दिया था। 'जॉली LLB 3' को 19 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में अरशद वारसी, सौरभ शुक्ला, अमृता राव, हुमा कुरैशी और अन्नू कपूर जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

## 'होमबाउंड' में ईशान, विशाल और जाह्नवी की तिकड़ी ने किया कमाल



नीरज घायवान के निर्देशन में बनी फिल्म 'होमबाउंड' का प्रीमियर अब तक कान्स फिल्म फेस्टिवल और टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में हो चुका है, जहां इसने खूब वाहवाही लूटी। कान्स में इस फिल्म को 9 मिनट का स्टैंडिंग ओवेशन और टोरंटो में पीपुल्स चॉइस पुरस्कार मिला। ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जाह्नवी कपूर की अदाकारी वाली यह फिल्म अब सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। अब आखिरकार निर्माताओं ने फिल्म 'होमबाउंड' का ट्रेलर जारी कर दिया है।

### 26 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म

'होमबाउंड' का ट्रेलर लोगों को खूब पसंद आ रहा है। ईशान, विशाल और जाह्नवी की तिकड़ी ने लोगों को दिल जीत लिया है। इस फिल्म में विशाल ने चंदन कुमार और ईशान ने मोहम्मद शोएब अली की भूमिका निभाई है, वहीं जाह्नवी फिल्म में सुधा भारती का किरदार निभा रही हैं। करण जौहर द्वारा निर्मित इस फिल्म में हर्षिका परमार भी अपनी अदाकारी का तड़का लगाने वाली हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बन रही बायोपिक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 75 साल के हो गए हैं। इस खास मौके पर उनकी बायोपिक फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम 'मां वंदे' है। इस फिल्म में मलयालम सिनेमा के जाने-माने अभिनेता उन्नी मुकुंदन मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं। मुकुंदन फिल्म में प्रधानमंत्री का किरदार अदा करने के लिए काफी उत्साहित हैं। 'मां वंदे' के निर्देशन की कमान क्रांति कुमार सीएच ने संभाली है, वहीं वीर रेड्डी एम इस फिल्म का निर्माण करने वाले हैं।

### इन भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म

'मां वंदे' का पहला पोस्टर सामने आ गया है, जिसमें वह एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करते दिख रहे हैं। मुकुंदन प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका में खूब जंच रहे हैं। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे आप हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में देख पाएंगे। खास बात यह है कि इस फिल्म को अंग्रेजी भाषा में भी बनाया जाएगा। इस फिल्म में मोदी के व्यक्तिगत और राजनीतिक सफर की घटनाओं और उपलब्धियों को दिखाया जाएगा।

## 'बैटल ऑफ गलवान' से अंकुर भाटिया की पहली झलक आई सामने

अभिनेता सलमान खान जल्द ही फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान अपूर्व लाखिया ने संभाली है। इस फिल्म की कहानी गलवान घाटी संघर्ष पर आधारित है। इसकी शूटिंग लद्दाख ने पहले ही शुरू हो चुकी है। सलमान के अलावा इस फिल्म में अभिनेता अंकुर भाटिया भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। अब 'बैटल ऑफ गलवान' से अंकुर ने अपनी पहली झलक दिखाई है, जिसमें वह फौजी के किरदार में दिख रहे हैं।

### अंकुर ने खुद को बताया सौभाग्यशाली



अंकुर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'वर्दी पहनना, एक सैनिक में तब्दील होना, देश का गौरव उठाना। इस सफर को जीने का सौभाग्य मिला।' अंकुर की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर आते ही छा गई है और प्रशंसक इस पर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। 'बैटल ऑफ गलवान' में सलमान की जोड़ी अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे।

## 'निशांची' को सेंसर बोर्ड से मिली हरी झंडी



अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'निशांची' का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह क्राइम ड्रामा फिल्म 19 सितंबर, 2025 को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के जरिए शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे के पोते ऐश्वर्य ठाकरे अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। ताजा खबर यह है कि सेंसर बोर्ड ने 'निशांची' को **U/A** 16+ सर्टिफिकेट देकर हरी झंडी दिखाई है। हालांकि, फिल्म पर सेंसर बोर्ड की कैंची भी चली है।


### फिल्म में किए गए ये बदलाव

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'निशांची' से किसी भी दृश्य को नहीं हटाया गया है। सारे एक्शन, हिंसक और रोमांटिक दृश्यों को बरकरार रखा गया है। हालांकि, सेंसर की जांच समिति ने निर्माताओं से 6 बार एक खास अपशब्द को संशोधित करने का अनुरोध किया है। इसके अलावा 6 अन्य दृश्य में गाली-गलौज वाले शब्दों को भी बदलने की मांग की गई है। इन बदलावों के बाद फिल्म 'निशांची' को U/A 16+ सर्टिफिकेट दिया गया है।

### 'निशांची' के बारे में जानिए

फिल्म 'निशांची' 2 घंटे, 56 मिनट और 48 सेकंड लंबी होगी। इसी के साथ यह अनुराग की अब तक की सबसे लंबी फिल्म बन गई है। बता दें कि 'निशांची' में ऐश्वर्य की जोड़ी वेदिका पिंटो के साथ बनी है, जो फिल्म में ग्लैमर का तड़का लगाती नजर आएंगी। इस फिल्म में मोनिका पनवार, मोहम्मद जीशान अय्यूब, पीयूष मिश्रा, मनन भारद्वाज, वरुण ग्रोवर और कुमुद मिश्रा जैसे सितारे भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## 100 करोड़ के पार पहुंची तेजा सज्जा की 'मिराय'



तेलुगु सिनेमा की सुपरहीरो फिल्म 'मिराय' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। 12 सितंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने महज छह दिनों में ही 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। इस शानदार सफलता के बाद फिल्म की स्टारकास्ट ने ऑडियंस का आभार जताया है। रिलीज के पहले ही दिन 'मिराय' ने 13 करोड़ रुपए की जोरदार कमाई की थी। दूसरे दिन यह आंकड़ा बढ़कर 15 करोड़ रुपए पर पहुंचा और तीसरे दिन फिल्म ने 16.6 करोड़ रुपए का बिज़नेस किया। चौथे दिन 5.96 करोड़ रुपए की कमाई के साथ फिल्म का भारतीय नेट कलेक्शन 51.24 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। शुरुआती चार दिनों के आंकड़े ही साफ कर चुके थे कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लंबी रेस दौड़ने वाली है। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी 'मिराय' को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म ने छह दिनों में ही वैश्विक स्तर पर 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा छू लिया।

### स्टारकास्ट ने जताया फैंस का आभार

मुख्य भूमिका निभाने वाले तेजा सज्जा ने सोशल मीडिया पर फैंस को धन्यवाद देते हुए लिखा कि यह सब केवल दर्शकों के प्यार और समर्थन से संभव हुआ है। बता दें कि तेजा की पिछली फिल्म 'हनु-मान' भी 100 करोड़ क्लब में शामिल हुई थी।

# बिहार की तरह देशभर में होगा एसआईआर

एजेंसी | नई दिल्ली

चुनाव आयोग (EC) ने बुधवार को बताया कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) बिहार की तर्ज पर देशभर में होगा। लेकिन ज्यादातर राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं को किसी प्रकार का दस्तावेज दिखाने की जरूरत नहीं होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके नाम पिछली एसआईआर की वोटर लिस्ट में शामिल हैं। ज्यादातर जगह यह प्रक्रिया 2002 से 2004 के बीच हो गई थी। जिन लोगों के नाम उस समय की वोटर लिस्ट में थे, उन्हें अपनी जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए कोई नया कागज नहीं देना होगा। जो नए वोटर बनना चाहते हैं, उन्हें डिक्लेरेशन फॉर्म भरना होगा। इसमें उन्हें यह बताना होगा कि वे भारत में कब जन्मे हैं। 1987 के बाद जन्मे लोगों को पैरेंट्स के दस्तावेज दिखाने होंगे

- आधे से ज्यादा वोटर्स को पेपर नहीं दिखाने होंगे
- 1987 के बाद जन्मे नए वोटर्स को पैरेंट्स के दस्तावेज दिखाने होंगे

### राज्यों को तैयारी शुरू करने के निर्देश मिल चुके

राज्यों के निर्वाचन अधिकारियों को तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। तारीख घोषित होते ही पूरा अमला काम में जुट जाएगा। असम, मणिपुर मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा, जम्मू-कश्मीर में गहन समीक्षा 2005 में हुई थी। बाकी राज्यों में 2002-03 में हुई थी। महाराष्ट्र और अरुणाचल प्रदेश में 2006-07 में और दिल्ली में 2008 में गहन समीक्षा हुई थी।



### इस पूरे मामले को उदाहरण से समझिए

बिहार में 2003 की एसआईआर सूची को आधार बनाया गया है। वहां के लगभग 5 करोड़ मतदाता (60%) पहले से ही उस सूची में दर्ज हैं, इसलिए उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज नहीं देना पड़ा। वहीं लगभग 3 करोड़ नए मतदाताओं (40%) से 11 निर्धारित दस्तावेजों में से कोई एक मांगा गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इसमें 12वां दस्तावेज आधार कार्ड भी माना गया। दिल्ली की पिछली एसआईआर सूची 2008 की है और उत्तराखंड की 2006 की, जो अब राज्य के CEO (मुख्य चुनाव अधिकारी) की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। नई व्यवस्था में ऐसे लोग जो नए वोटर बनना चाहते हैं या दूसरे राज्य से शिफ्ट होकर आए हैं, उन्हें डिक्लेरेशन फॉर्म भरना होगा। इसमें उन्हें यह बताना होगा कि वे भारत में कब जन्मे हैं। 1 जुलाई 1987 से पहले जन्मे हैं, तो खुद का जन्म प्रमाण देना होगा। 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे हैं, तो माता-पिता के जन्म या नागरिकता के दस्तावेज भी दिखाने होंगे। 2 दिसंबर 2004 के बाद जन्मे लोगों के लिए शर्त और कड़ी है- उन्हें यह साबित करना होगा कि माता-पिता में कम-से-कम एक भारतीय नागरिक हैं और दूसरा गैर-कानूनी प्रवासी नहीं है। यानी उन्हें भी अपने पेरेंट के दस्तावेज दिखाने होंगे।

### करीब दो लाख नए बीएलओ जोड़े जाएंगे

चुनाव आयोग सभी राज्यों में एक साथ SIR कराना चाहता है। हालांकि बिहार से मिले अनुभवों के आधार पर आयोग अपनी प्रक्रियाओं में भी कुछ सुधार करेगा। आयोग सूत्रों के मुताबिक, करीब दो लाख नए बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) जोड़े जाएंगे। सुनिश्चित किया जाएगा कि 250 घरों पर कम से कम एक चुनाव प्रतिनिधि जरूर हो। हाल में हुई बैठक में राज्यों के निर्वाचन अधिकारियों से मिले इनपुट के आधार पर राष्ट्रव्यापी एसआईआर का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। इसमें मतदाता फॉर्म भरने, दावे और आपत्तियां दर्ज करने और दस्तावेजों की समीक्षा के बाद ड्राफ्ट और फाइनल मतदाता सूची जारी करने की टाइमलाइन भी बनाई जाएंगी। आयोग के सूत्रों ने कहा कि देशव्यापी SIR की कवायद का बिहार विधानसभा चुनाव से कोई संबंध नहीं है।

## 1600 करोड़ का राहत पैकेज पंजाब के साथ अन्याय : राहुल गांधी

एजेंसी | नई दिल्ली



मोहाली। पंजाब में हालिया बाढ़ के हालात को लेकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने जल्द से जल्द नुकसान का आकलन करने और प्रभावित लोगों के लिए व्यापक राहत पैकेज जारी करने की मांग की है। उन्होंने सरकार की तरफ से घोषित 1,600 करोड़ रुपए की शुरुआती राहत को पंजाब के लोगों के साथ अन्याय करार दिया और कहा कि बाढ़ से कम से कम 20,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। पत्र में राहुल ने अपने हालिया पंजाब दौरे का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने बाढ़ से हुए भयावह नुकसान और इसकी मानवीय कीमत को देखा।

### फसल और पशुधन का व्यापक नुकसान

राहुल गांधी ने बताया कि बाढ़ के कारण चार लाख एकड़ से अधिक धान की फसल बर्बाद हो गई और दस लाख से अधिक पशु मारे गए। लाखों लोग अपने घरों से बेघर हुए हैं, जिनमें अधिकांश हाशिए पर रहने वाले समुदायों के हैं। बाढ़ की वजह से निकट भविष्य में जमीन का बड़ा हिस्सा खेती के योग्य नहीं रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि आज भी हजारों एकड़ जमीन जलमग्न है और कई गांवों का संपर्क टूटा हुआ है।

### मानवता और पुनर्निर्माण की उम्मीद

राहुल गांधी ने पंजाब के लोगों की मानवता और एक-दूसरे के साथ खड़े रहने के जज्बे की सराहना की। उन्होंने भरोसा जताया कि कठिन समय के बावजूद पंजाब फिर से उठ खड़ा होगा और प्रभावित लोगों को सरकार से पर्याप्त मदद मिलनी चाहिए। उनका पत्र इस बात पर जोर देता है कि केंद्र सरकार को इस आपदा के निवारण में तत्काल और ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

## धोखाधड़ी कर 'यूनियन बैंक ऑफ इंडिया' को पहुंचाया 122 करोड़ रुपए का नुकसान

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय ने गत सप्ताह विशेष न्यायालय (पीएमएलए), बेंगलुरु के समक्ष मेसर्स एसोसिएट लम्बर्स प्राइवेट लिमिटेड (एएलपीएल) और 17 अन्य आरोपियों के खिलाफ 122 करोड़ रुपए (ब्याज सहित) की बैंक धोखाधड़ी से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच में अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की है। आरोपियों ने धोखाधड़ी कर 'यूनियन बैंक ऑफ इंडिया' 122 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचा दिया। अब ईडी की कार्रवाई में आरोपियों की 47 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की गई है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### वैश्विक अयप्पा संगम के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केरल हाई कोर्ट के उस फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया, जिसमें 20 सितंबर को नदी पंपा के किनारे होने वाले वैश्विक अयप्पा संगम के आयोजन की अनुमति दी गई थी। जस्टिस पी. एस. नरसिम्हा और जस्टिस ए. एस. चंदुरकर की बेंच ने याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि हाई कोर्ट का आदेश सही है और इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। हाई कोर्ट ने अपने 11 सितंबर के आदेश में कहा था कि संगम के दौरान नदी पंपा की पवित्रता और स्वच्छता को किसी भी हालत में क्षति नहीं पहुंचनी चाहिए। आयोजन स्थल पर न तो स्थायी और न ही अस्थायी संरचनाएं बनाई जाएंगी। इसके अलावा, हाई कोर्ट ने निर्देश दिया था कि इस दौरान प्लास्टिक और नॉन-बायोडिग्रेडेबल कचरे का इस्तेमाल सख्त रूप से प्रतिबंधित होगा और तुरंत सफाई की जाएगी।

### सीएम एमके स्टालिन का भाजपा पर हमला

**करुर।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा पर तमिलनाडु में प्रवेश वर्जित है। उन्होंने डीएमके की ओर से केंद्र सरकार शब्द का प्रयोग किए जाने की वजह भी बताई। डीएमके के मुप्पेरुम विझा को संबोधित करते हुए स्टालिन ने हिंदी थोपने, केंद्र द्वारा तमिलनाडु को एनईईटी से छूट देने से इनकार करने, राज्य को शिक्षा निधि जारी न करने और कीलाडी निष्कर्षों की प्राचीनता को छिपाने जैसे मुद्दे गिनाए। उन्होंने कहा कि इसलिए भाजपा के लिए तमिलनाडु में प्रवेश वर्जित है। उन्होंने कहा कि राज्य राष्ट्र की मजबूत नींव का निर्माण करते हैं, हम इस बात पर जोर देते हैं। इसलिए डीएमके केंद्र सरकार शब्द का प्रयोग करती है।

### पीएम मोदी के जन्मदिवस पर सीएसएस की पहल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सचिवालय सेवा के अधिकारियों की एसोसिएशन 'सीएसएस फोरम' ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 'कर्तव्य अभियान' के अंतर्गत एक नई शुरुआत की है। सीएसएस द्वारा केंद्र सरकार के 53 मंत्रालयों व 84 विभागों में अब 7 दिन के अंदर शिकायतों का निपटारा होगा। 'कर्तव्य अभियान' 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 16 अक्तूबर तक चलेगा। केंद्र सरकार के सीपी ग्राम पीजी पोर्टल पर जो शिकायतें आती हैं, उनके समाधान में लगभग बीस से तीस दिन लग जाते हैं। अब सीएसएस फोरम ने तय किया है कि एक माह के दौरान उक्त पोर्टल पर आने वाली शिकायतों को सात दिन के अंदर निपटाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## पूर्व एमयूडीए आयुक्त दिनेश कुमार गिरफ्तार

एजेंसी | बंगलूरू



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध स्थल आवंटन घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में पूर्व एमयूडीए आयुक्त दिनेश कुमार को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें बुधवार को विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया जाएगा, जहां ईडी उनकी हिरासत की मांग करेगी।

### तलाशी के बाद हुई गिरफ्तारी

ईडी ने मंगलवार को दिनेश कुमार से जुड़े बंगलूरू स्थित दो आवासीय परिसरों की तलाशी ली थी। जांच एजेंसी का कहना है कि आयुक्त रहते हुए दिनेश कुमार ने धन और लाभ के बदले बड़े पैमाने पर अवैध स्थल आवंटन किया। जांच में उनके धन शोधन गतिविधियों में शामिल होने के सबूत भी मिले हैं।

### सीएम सिद्धारमैया समेत कई नाम जांच में

ईडी की जांच कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस की दर्ज एफआईआर पर आधारित है। इस मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी बीएम पार्वती, रिश्तेदार मल्लिकार्जुन स्वामी, देवराजू और कुछ अन्य लोगों के नाम शामिल हैं। आरोप है कि भूमि सौदों में गड़बड़ी कर लाभ पहुंचाया गया।

## एसबीआई में 21 करोड़ की डकैती

- सेना जैसी वर्दी में आए लुटेरे, स्टाफ को बंधक बनाया
- 20 किलो सोना लेकर फरार




एजेंसी | बंगलूरू


कर्नाटक के विजयपुरा की एसबीआई ब्रांच में 21 करोड़ से ज्यादा की डकैती हो गई। बैंक अफसरों के मुताबिक, इसमें 1.04 करोड़ कैश और 20 करोड़ से ज्यादा का 20 किलो सोना शामिल है। पांच हथियारबंद लुटेरे मंगलवार शाम को बैंक में लूट करके फरार हो गए। एसपी लक्ष्मण बी निंबारगी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

### सेना जैसी वर्दी पहनकर आए थे लुटेरे

पुलिस के अनुसार, लुटेरे सेना जैसी ड्रेस और मास्क पहनकर आए थे। घटना शाम 6:30 से 7:20 बजे के बीच हुई। तीन लोग बैंक के अंदर घुसे और दो बाहर खड़े रहे। उन्होंने बैंक मैनेजर, कैशियर और कर्मचारियों को बंधक बनाकर हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद लुटेरों ने कैश और सोना बैग में भरा और बैंक को बाहर से ताला लगाकर भाग निकले। घटना के दौरान गोलियां भी चलाई गईं।

## बाघों के शिकार और अवैध कारोबार पर केंद्र से जवाब मांगा

एजेंसी | नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बाघों के शिकार और उनके अंगों के अवैध व्यापार की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) और अन्य संबंधित विभागों को नोटिस जारी किया। यह मामला मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ के समक्ष आया। अधिवक्ता गौरव कुमार बंसल की ओर से दाखिल इस याचिका में केंद्र सरकार के अलावा केंद्रीय गृह मंत्रालय, पर्यावरण एवं वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) और सीबीआई को भी पक्षकार बनाया गया है। याचिका में कहा गया कि महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में सक्रिय गिरोह बाघों के शिकार में लिप्त हैं।

### अभयारण्यों से बाहर बाघों पर बढ़ा खतरा

याचिका में यह भी बताया गया कि देश के लगभग 30 फीसदी बाघ बाघ अभयारण्यों के बाहर रहते हैं, जहां वे संगठित शिकारी गिरोहों के आसान निशाने पर आ जाते हैं। कई रिपोर्टों में बड़े पैमाने पर बाघों के शिकार की घटनाएं दर्ज हुई हैं।

### अंतरराष्ट्रीय गिरोह का खुलासा

याचिकाकर्ता ने अदालत को अवगत कराया कि हाल ही में महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में बाघों के व्यवस्थित शिकार और उनके अंगों की राज्य व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तस्करी से जुड़े संगठित गिरोह का खुलासा हुआ है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया गया कि वह सीबीआई को स्वतंत्र और व्यापक जांच का आदेश दे, ताकि राष्ट्रीय पशु के अस्तित्व को बचाया जा सके।

**जन्मदिन** | पुतिन-अल्बानीज से लेकर मेलोनी तक, दुनियाभर से पीएम मोदी को मिली बधाई

## पीएम मोदी ने वैश्विक नेताओं का आभार जताया, दिया धन्यवाद

एजेंसी | नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना 75वां जन्मदिन मनाया। पीएम मोदी के जन्मदिन पर दुनियाभर से बधाई संदेश आए। कई देशों के नेताओं ने पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं और उनके लंबे और सुखमय जीवन की कामना की। कुछ नेताओं ने पीएम मोदी की बौद्धिकता और उनकी नेतृत्व क्षमता को सराहा। शाम को पीएम मोदी ने सभी वैश्विक नेताओं का धन्यवाद जताया। उन्होंने सभी वैश्विक नेताओं के पोस्ट को टैग करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।**



### भूटान के पीएम ने की दीर्घायु की कामना

प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन पर भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने कहा, 'हमारे राष्ट्रीय सैनिक और भूटान के सभी लोग आपके 75वें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। हम आपके अच्छे स्वास्थ्य, खुशहाली और दीर्घायु की कामना करते हैं।'

### ऑस्ट्रेलिया के पीएम ने जारी किया वीडियो संदेश

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा, 'मेरे मित्र प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। ऑस्ट्रेलिया को भारत के साथ इतनी गहरी दोस्ती पर गर्व है और हम ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय के अविश्वसनीय योगदान के लिए आभारी हैं। प्रधानमंत्री जी, मैं आपसे जल्द ही मिलने और हमारी दोस्ती व प्रगति के कई और वर्षों की कामना करता हूं।'

### नेतन्याहू बोले- जन्मदिन मुबारक मेरे दोस्त

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर, इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी, मेरे अच्छे दोस्त नरेंद्र, मैं आपको जन्मदिन की शुभकामनाएं देता हूं। आपने अपने जीवन में भारत के लिए बहुत कुछ किया है।

### न्यूजीलैंड के पीएम ने भी की जमकर तारीफ

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा, 'नमस्कार, मेरे अच्छे मित्र प्रधानमंत्री मोदी। आपके 75वें जन्मदिन पर मेरी और न्यूजीलैंड के आपके सभी मित्रों की ओर से आपको बधाई।

### सुनक ने पीएम मोदी को बताया अच्छा दोस्त

यूनाइटेड किंगडम के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने पीएम मोदी को बधाई देते हुए कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी को उनके 75वें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। इस अनिश्चित समय में, हम सभी को अच्छे दोस्तों की जरूरत है।

### बिल गेट्स बोले- आप भारत की प्रगति का नेतृत्व

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के संस्थापक और माइक्रोसॉफ्ट के पूर्व सीईओ बिल गेट्स ने भी बधाई दी। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी, आपके 75वें जन्मदिन पर आपको मेरी तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं। मैं आपके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं क्योंकि आप भारत की शानदार प्रगति का नेतृत्व करते हैं और वैश्विक विकास में योगदान देते हैं।

### इटली की पीएम मेलोनी ने भी दी जन्मदिन की बधाई

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भी पीएम मोदी के साथ वाली तस्वीर साझा करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने लिखा कि 'भारत के प्रधानमंत्री को 75वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। उनकी शक्ति, दृढ़ संकल्प और लाखों लोगों का नेतृत्व करने की क्षमता प्रेरणा का स्रोत है। मित्रता और सम्मान के साथ, मैं उनके स्वास्थ्य की कामना करता हूं ताकि वे भारत को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकें।

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी दी बधाई

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर बधाई दी और मास्को तथा नई दिल्ली के बीच साझेदारी को मजबूत करने में उनके व्यक्तिगत योगदान की सराहना की। आप हमारे देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और विभिन्न क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी रूसी-भारतीय सहयोग विकसित करने में एक महान व्यक्तिगत योगदान दे रहे हैं।'

### पीएम मोदी ने जनता का जताया आभार

प्रधानमंत्री मोदी ने देश-विदेश से जन्मदिन पर मिली बधाइयों पर भी आभार जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि जनशक्ति का आभार। देश-विदेश से मुझे मिली अनगिनत शुभकामनाओं, आशीर्वादों और स्नेह संदेशों से मैं सचमुच अभिभूत हूं। यह स्नेह मुझे शक्ति और प्रेरणा देता है। इसके लिए मैं जनता का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने लिखा कि आपने जो अनगिनत शुभकामनाएं और मुझ पर जो विश्वास जताया है, वह मेरे लिए अपार शक्ति का स्रोत है। मैं इन्हें सिर्फ अपने लिए ही नहीं, बल्कि एक बेहतर भारत के निर्माण के लिए हम सब मिलकर जो काम कर रहे हैं, उसके लिए भी एक आशीर्वाद मानता हूं। मैं संकल्प लेता हूं कि विकसित भारत के अपने सपने को साकार करने के लिए और भी अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ काम करता रहूंगा। मैं व्यक्तिगत रूप से शुभकामनाओं का उत्तर नहीं दे पाया हूं, लेकिन मैं फिर कहूंगा। इस स्नेह ने मेरे दिल को गहराई से छू लिया है। मैं सभी के उत्तम स्वास्थ्य और कल्याण की कामना करता हूं।

## गर्भ से लेकर बुढ़ापे तक हर कदम पर जीवाश्म ईंधन खतरनाक : रिपोर्ट

एजेंसी | नई दिल्ली

जीवाश्म ईंधन यानी पेट्रोल और डीजल सिर्फ जलवायु संकट का कारण नहीं हैं, बल्कि ये मानव स्वास्थ्य को जन्म से लेकर बुढ़ापे तक गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्लोबल क्लाइमेट एंड हेल्थ अलायंस (जीसीएचए) की ताजा रिपोर्ट 'क्रैडल टू ग्रेव' में बताया गया है कि जीवाश्म ईंधन का पूरा जीवनचक्र—निकासी, शुद्धिकरण, परिवहन, भंडारण, इस्तेमाल और निपटान—सेहत पर प्रतिकूल असर डालता है।



### गर्भ और शिशुओं पर प्रभाव

गर्भ में सबसे अधिक जोखिम में हैं। जब भ्रूण के महत्वपूर्ण अंग विकसित हो रहे होते हैं, तब कोयला, तेल और गैस के उत्खनन और जलाने से निकलने वाले प्रदूषणकारी तत्व जन्म के समय कम वजन, गर्भपात और अन्य गंभीर परेशानियों का कारण बन सकते हैं।

### फेफड़ों और सांस की बीमारियां

जीवाश्म ईंधन से पैदा होने वाला प्रदूषण बच्चों और वयस्कों दोनों में फेफड़ों पर असर डालता है। दमा, सांस की अन्य बीमारियां और अंगों के विकास में रुकावट जैसी समस्याएं बढ़ती हैं। बच्चे तेजी से सांस लेने और अंगों के विकास के कारण इन प्रदूषणकारी तत्वों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।

### हृदय और मानसिक स्वास्थ्य पर असर

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि प्रदूषण के संपर्क में आने से हृदय रोग, अस्पताल में भर्ती होने का खतरा, मानसिक स्वास्थ्य विकार और सोचने समझने की क्षमता पर असर पड़ता है। ल्यूकेमिया जैसे कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है और प्रजनन क्षमता प्रभावित होती है।

### बुजुर्गों पर खतरा

अंगों की कार्यक्षमता कम होने, पूर्व रोग और लगातार प्रदूषण के संपर्क में रहने की वजह से बुजुर्गों पर खतरा और भी ज्यादा बढ़ जाता है। जीवन के अंतिम चरण में स्वास्थ्य समस्याएं गंभीर रूप ले लेती हैं। जीवाश्म ईंधन न केवल पर्यावरण संकट पैदा करता है, बल्कि एक ऐसे वैश्विक स्वास्थ्य संकट का कारण भी बनता है जो जन्म से पहले शुरू होकर पूरे जीवन तक इंसान पर हावी रहता है। कई बार इसका असर परंपरागत डेटा सिस्टम में दिखाई नहीं देता, लेकिन स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डालता है। रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी गई है कि जीवाश्म ईंधन से होने वाले नुकसान का बोझ समान रूप से नहीं बंटा है। गरीब और हाशिए पर खड़े समुदाय सबसे अधिक प्रभावित हैं, जबकि विकसित और अमीर क्षेत्रों में इसके दुष्प्रभाव सीमित रह सकते हैं।